हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी





उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले के सिकंदराराऊ कस्बे के फुलरई गांव में मंगलवार को बड़ा हादसा हो गया। यहां साकार हरि बाबा उर्फ भोले बाबा का सत्संग चल रहा था। सत्संग समाप्त होने के बाद यहां से जैसे भी भीड़ निकलना शुरू हुई तो भगदड़ मच गई। भगदड़ में अब तक 120 लोगों की मौत की खबर है। हादसे में मरने वालों में ज्यादातर महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। इस हादसे में 200 से अधिक लोग घायल हैं।

## हाथरस के पास सिकंदराराऊ कस्बे में हादसा मृतकों में ज्यादातर बच्चे और महिलाएं

### मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख की आर्थिक मदद

मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख तथा घायलों को 50-50 हजार की आर्थिक सहायता देने के निर्देश मुख्यमंत्री ने दिए हैं। कार्यक्रम आयोजकों के विरुद्ध एफआईआर होगी। शासन बड़ी कार्रवाई की तैयारी में है।

# सत्संग में मौत का तांडव

## 120 से अधिक मारे गए, 250 श्रद्धालु घायल

एजेंसी ▶▶| हाथरस/एटा

यह घटना पुलराई गांव में सत्संग में हुई, जिसमें शामिल होने के लिये बड़ी संख्या में लोग आए थे। हाथरस के जिलाधिकारी आशीष कुमार ने बताया कि इस घटना में अब तक 50 से 60 लोगों की मौत हो जाने की जानकारी है। हालांकि 120 से अधिक लोगों के मरने की खबर है। जिलाधिकारी ने बताया कि हाथरस के सिकंदराराऊ में 'भोले बाबा' का समागम हो रहा था और जब समागम का अंत हो रहा था तब उमस काफी थी, ऐसे में लोगों के बाहर निकलते समय भगदड़ मच गई।

मरने वालों की संख्या पूछे जाने पर जिलाधिकारी कुमार ने कहा कि अभी घायलों को अस्पताल भेजा जा रहा है और प्रशासन की प्राथमिकता घायलों का समुचित उपचार कराना और मृतकों के परिवारों को प्रशासनिक सहायता पहुंचाना है। कुमार से जब पूछा गया कि सत्संग की अनुमति किसने दी तो उन्होंने कहा कि इसकी अनुमति एसडीएम साहब द्वारा दी गयी थी और यह निजी आयोजन था जिसमें सुरक्षा और कानून-व्यवस्था के लिए सुरक्षाकर्मियों की ड्यूटी लगायी गयी थी लेकिन अंदर की व्यवस्था उनके द्वारा (आयोजकों) की जानी थी। उन्होंने कहा कि इस संबंध मे ▶▶| शेष पेज 8 पर

### शवों की जा रही पहचान

एटा के एसएसपी राजेश कुमार सिंह का कहना है कि हाथरस जिले के मुगलगढ़ी गांव में एक धार्मिक कार्यक्रम चल रहा था, तभी भगदड़ मच गई। एटा अस्पताल में कई लोगों के शव पहुंच चुके हैं, जिनमें महिलाएं, बच्चे और व्यक्ति के शव शामिल हैं। इन सभी शवों की पहचान की जा रही है। इस घटना के कारणों की जांच के लिए एडीजी आगरा और अलीगढ़ कमिश्नर की एक टीम गठित की गई है।

*20 हजार की अनुमति, डेढ़ लाख से ज्यादा पहुंचे*

*पंडाल में गुरुजी के पैर छूने के लिए दौड़े श्रद्धालु*

*हेलीकॉप्टर से बाबा पर फूल बरसाने की भी थी तैयारी*

*यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ आज जाएंगे हाथरस*



### लाशों को देख पुलिसकर्मी को हार्ट अटैक, मौत

एटा में मेडिकल कॉलेज में लाशों का ढेर देखकर ड्यूटी पर तैनात सिपाही को हार्ट अटैक आ गया। इससे उसकी मौत हो गई। वह क्यीआरटी अवागढ़ में तैनात था। उसे मेडिकल कॉलेज आपात ड्यूटी पर बुलाया गया। इतनी लाशें देखकर वह बर्दाश्त न कर सका। उसे हार्ट अटैक आ गया। सिपाही मूल रूप से अलीगढ़ जिले के बन्ना देवी थाना क्षेत्र के सिद्धार्थनगर का रहने वाला था।

### कौन है साकार हरि बाबा उर्फ भोले बाबा

साकार हरि बाबा उर्फ भोले बाबा का असली नाम सूरज पाल सिंह है। बाबा कासगंज के पटयाली का रहने वाला है। करीब 17 साल पहले पुलिस कांस्टेबल की नौकरी छोड़कर सत्संग करने लगे। नौकरी छोड़ने के बाद सूरज पाल नाम बदलकर साकार हरि बन गया। अनुयायी उसे भोले बाबा कहते हैं। कहा जाता है ▶▶| शेष पेज 8 पर

### पीएम बोले- राज्य सरकार के संपर्क में

पीएम मोदी ने हादसे पर कहा है कि यूपी के हाथरस में जो भगदड़ हुई, उसमें अनेकों लोगों की मृत्यु की खबर आ रही है। जिन लोगों की जान गई है, मैं उन लोगों के लिए संवेदना व्यक्त करता हूं। मैं सभी लोगों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं।



आंखों देखी

### गिरते गए महिलाएं और बच्चे

प्रत्यक्षदर्शी शकुंतला देवी ने बताया कि सत्संग खत्म होने के बाद लोग जब आयोजन स्थल से निकल रहे थे, तो उसी समय भगदड़ मची। उन्होंने बताया कि लोग एक-दूसरे के ऊपर गिरते चले गए। निकलने की जल्दी में भगदड़ मच गई। लोग एक दूसरे को देख ही नहीं रहे थे। महिलाएं और बच्चे गिरते चले गए। भीड़ उनके ऊपर से दौड़ रही थी। कोई बचाने वाला नहीं था। चारों ओर चीख पुकार मची हुई थी। महीने की शुरुआत के पहले मंगलवार को सत्संग होता है। इस सत्संग में राजस्थान, मध्यप्रदेश, हरियाणा सहित कई राज्यों के लोग आए थे। भीड़ का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि वाहनों की संख्या तीन किलोमीटर तक फैली हुई थी।




## एक दिन पहले राहुल के हिंदू वाले बयान पर घमासान, अब प्रधानमंत्री ने घेरा

# संसद में बोले पीएम मोदी- हिंदू समाज को सोचना होगा ये अपमान संयोग या प्रयोग

18वीं लोकसभा के पहले सत्र के सातवें दिन मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण से जुड़े धन्यवाद प्रस्ताव पर लोकसभा में चर्चा का जवाब दिया। पीएम ने कहा कि कल जो हुआ, देश के कोटि-कोटि देशवासी इसे माफ नहीं करेंगे। ये गंभीर बात है कि हिंदुओं पर आरोप लगाने का झूठा षड्यंत्र हो रहा है। सदन में कल का दृश्य देखकर अब हिंदू समाज को सोचना पड़ेगा कि क्या ये अपमान कोई संयोग है या बड़े प्रयोग की तैयारी है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

कांग्रेस पर अराजकता फैलाने की साजिश रचने का आरोप लगाते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि मुख्य विपक्षी दल को अब से परजीवी पार्टी के रूप में जाना जाएगा जो अपने सहयोगी दलों की कीमत पर फलती फूलती है। कांग्रेस को आड़े हाथ लेते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने लोकसभा में कहा, ''कांग्रेस पार्टी 2024 से परजीवी कांग्रेस पार्टी के रूप में जानी जाएगी। परजीवी वो होता है जो जिस शरीर के साथ रहता है, उसी को खाता है। कांग्रेस भी जिस पार्टी के साथ गठबंधन करती है, उसी के वोट खा जाती है। अपनी सहयोगी पार्टी की कीमत पर फलती फूलती है। इसलिए कांग्रेस परजीवी कांग्रेस बन चुकी है। उन्होंने कहा, मैं जब परजीवी कह रहा हूं तो तथ्यों के आधार पर कह रहा हूं। जहां-जहां भाजपा और कांग्रेस का सीधा मुकाबला था या कांग्रेस बड़ी पार्टी थी, ▶▶| शेष पेज 8 पर

- विपक्षी ने जमकर किया हंगामा, मोदी ने रोका दिया था भाषण

### स्पीकर ने राहुल से किया सवाल

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को संबोधित करते हुए कहा, सदन के नेता बोल रहे हैं। आप अपने सदस्यों को आसन के पास आने का निर्देश देते हैं। यह तरीका सही नहीं है और संसदीय परंपराओं के विरुद्ध है। बिरला ने कहा कि विपक्ष के सदस्यों को बोलने का पर्याप्त समय दिया गया, उसके बाद सबसे पुरानी पार्टी का यह व्यवहार संसदीय परंपराओं के अनुरूप नहीं। प्रधानमंत्री ने कहा कि 2024 के चुनाव में कांग्रेस पार्टी के लिए जनता ने आदेश दिया है कि वह विपक्ष में ही बैठे। उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस के पास तर्क खत्म हो जाते हैं तो वे इसी तरह चीखते चिल्लाते रहते हैं।



*राहुल के बयान को लेकर प्रधानमंत्री ने जमकर साधा निशाना*

### आज भारत के लक्ष्य बहुत विराट

पीएम मोदी ने कहा कि आज भारत के लक्ष्य बहुत विराट हैं, आज भारत ऐसी स्थिति में पहुंचा है कि हमें खुद से स्पर्धा करनी है, अपने ही रिकार्ड तोड़ने हैं। विकास यात्रा को अगले स्तर पर ले जाना है। दस साल में हमने भारत को मोबाइल फोन का बड़ा विनिर्माता बना दिया, भारत को मोबाइल फोन का बड़ा निर्यातक बना दिया। मोदी ने कहा कि अब यही काम सेमीकंडक्टर और अन्य क्षेत्रों में करने जा रहे हैं जिससे दुनिया के महत्वपूर्ण कामों में इस्तेमाल होने वाली चिप भारत में बनेगी। उन्होंने कहा, ''हम आधुनिक भारत की ओर जाएंगे, लेकिन जड़ों से जुड़े रहेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि अब तक चार करोड़ लोगों के लिए मकान बन चुके हैं और इस कार्यकाल में तेज गति से तीन करोड़ और मकान बनाए जाएंगे।

### विपक्ष के आचरण को लेकर निंदा प्रस्ताव पारित

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन के दौरान विपक्षी सदस्यों द्वारा संसदीय मर्यादाओं को तार-तार करने की निंदा करते हुए एक प्रस्ताव सदन में रखा जिसे ध्वनिमत से मंजूरी दी गई। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लाए गए धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का प्रधानमंत्री मोदी के जवाब देने के बाद सिंह ने निंदा प्रस्ताव रखा। उन्होंने कहा, राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान जब प्रधानमंत्री का संबोधन ▶▶| शेष पेज 8 पर

### बालकबुद्धि का चल रहा था विलाप

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के भाषण का परोक्ष जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा, हमने कल सदन में यही बचकाना हरकत देखी है। कल यहां बालकबुद्धि का विलाप चल रहा था, मुझे मारा गया, मुझे इसने मारा, मुझे उसने मारा। सहानुभूति हासिल करने के लिए नया नाटक चलाया गया। मोदी ने कहा, बालकबुद्धि में न बोलने का ठिकाना होता, न व्यवहार का कोई ठिकाना होता है। इनकी सच्चाई पूरा देश समझ गया है। आज देश इनसे कह रहा है कि तुमसे ना हो पाएगा। इससे पहले प्रधानमंत्री ने पहली बार चुनकर आए सांसदों की चर्चा में भाग लेने के लिए प्रशंसा की। मोदी ने कहा, देश सचाई जानता है कि ये हजारों करोड़ रुपये की हेराफेरी के मामले में जमानत पर बाहर हैं। ये ओबीसी वर्ग के लोगों को चोर बताने के मामले में सजा पा चुके हैं। इनको देश की सर्वोच्च अदालत में गैर जिम्मेदाराना बयान के लिए माफी मांगनी पड़ी है।

हैदराबाद से 6 सटोरिए गिरफ्तार

## ऑनलाइन सट्टा एप से दो माह में सवा करोड़ का कारोबार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

ऑनलाइन गेमिंग एप के माध्यम से सट्टा का अवैध कारोबार करने वाले 6 युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घटना का खुलासा करते हुए एएसपी सुखनंदन राठौर और ऋचा मिश्रा ने बताया कि मुखबिर से खबर मिली कि रुआबांधा निवासी विनय उर्फ स्टार यादव अपनी कार में बैठकर दक्षिण गंगोत्री सर्कस मैदान भिलाई के पास ऑनलाइन गेमिंग एप सट्टा का कारोबार कर रहा है। सुपेला पुलिस टीम ने पहले घेराबंदी कर विनय को पकड़ा। विनय के पास से 3 ▶▶| शेष पेज 8 पर

- बैंक खातों और मोबाइल नंबरों की जांच

### अपहरण केस में गई थी पुलिस

एएसपी ने बताया कि थाना सुपेला के अपराध 58/2024 धारा 363 के तहत आरोपी की तलाश में टीम तेलंगाना हैदराबाद गई हुई थी। ऑनलाइन सट्टा की जानकारी टीम को दी गई। हैदराबाद की टीम ने सोई ऐमू रेसीडेन्सी गोली डोडी में स्थित कमरा नम्बर 303 में दबिश दी। आदित्य पाण्डेय, उदय कुमार, बी चन्दू, हिमांशु चौहान, अभिषेक वर्मा को गिरफ्तार किया। आरोपियों की ट्रांजिट रिमांड हासिल कर भिलाई एसीसीयू की टीम लेकर आई।

### आरोपियों से लैपटॉप- मोबाइल जब्त

आरोपियों के पास से 5 लैपटॉप, 18 मोबाइल, 4 एटीएम कार्ड जब्त किया गया है। जब्त मोबाइल में 13 बैंक एकाउंट का संचालन होने की जानकारी मिली है। मोबाइल में संचालित बैंक खातों में 1 लाख 34 हजार 738 रुपए शेष हैं, जिसे होल्ड कराए जाने के लिए बैंकों से पत्राचार किया गया है। इस दौरान सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी, एसीसीयू प्रभारी तपेश्वर नेताम समेत पुलिस कर्मी मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, दो श्रद्धालुओं की मौत

**बांदा।** श्रद्धालुओं से भरी एक 'ट्रैक्टर-ट्रॉली' के अनियंत्रित होकर पलट जाने से उस पर सवार एक महिला समेत दो लोगों की मौत हो गई तथा 22 अन्य घायल हो गये। इस हादसे में प्रीति (22) नामक एक महिला और पांच साल की बच्ची अनामिका की मौत हो गई।



### अमरनाथ के लिए 6500 से अधिक तीर्थयात्री रवाना

**जम्मू।** दक्षिण कश्मीर हिमालय में स्थित अमरनाथ गुफा मंदिर के लिए 6,500 से अधिक तीर्थयात्रियों का नया जत्था मंगलवार को कड़ी सुरक्षा के बीच जम्मू से रवाना हुआ। सोमवार को 23,000 से अधिक तीर्थयात्रियों ने 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित गुफा मंदिर में बाबा बर्फानी के दर्शन किए।



### बीएसएफ जवानों ने पाक घुसपैठिए को मार गिराया

**फिरोजपुर।** पंजाब के अबोहर सेक्टर में बीएसएफ के जवानों ने एक पाकिस्तानी घुसपैठिये को मार गिराया। एक-दो जुलाई की दरमियानी रात संदिग्ध गतिविधि दिखने पर ड्यूटी पर तैनात बीएसएफ के जवानों ने घुसपैठिये को चुनौती दी। उसके बाद भी घुसपैठिया बाड़ की ओर बढ़ता रहा, जिसके बाद जवानों ने तीन गोलियां चलाईं।



गृह विभाग ने जारी किया आदेश

## कमेटी की अनुशंसा, आईपीएस गौतम और हिमांशु बने डीजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में विभागीय पदोन्नति कमेटी की अनुशंसा के बाद गृह विभाग ने अरुण देव गौतम और हिमांशु गुप्ता को डीजी पद पर पदोन्नति दे दी है। गृहमंत्री से प्रस्ताव मिलने के बाद मुख्यमंत्री का अनुमोदन होते ही दोनों अफसरों के प्रमोशन का आदेश जारी कर दिया गया।

छत्तीसगढ़ में डीजी के तीन पद रिक्त थे इनमें दो पद के लिए आदेश जारी किया गया है। 92 बैच के आईपीएस अरुणदेव गौतम और 94 बैच में सबसे ऊपर हिमांशु गुप्ता हैं।





उल्लेखनीय है कि डीजीपी अशोक जुनेजा अगस्त के पहले सप्ताह में रिटायर हो रहे हैं। उनके रिटायर होने के बाद अरुण देव गौतम और हिमांशु गुप्ता डीजी के पद पर रहेंगे। दोनों अधिकारियों में से एक को डीजीपी बनाए जाने का रास्ता साफ हो गया है। वरिष्ठता में अरूण देव गौतम सबसे आगे हैं।

जियो-एयरटेल की आज से, वोडाफोन आइडिया की कल से बढ़ेंगी दरें

# मोबाइल पर अब बात करना हो गया महंगा!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

रिलायंस जियो और एयरटेल के बाद वोडाफोन आइडिया ने अपने टैरिफ महंगे कर दिए हैं। तीनों बड़ी टेलिकॉम कंपनियों ने अपने प्रीपेड और पोस्टपेड दोनों रिचार्ज के दाम में इजाफा कर दिया है। नए रिचार्ज प्लान 25 फीसदी तक महंगे हो गए हैं और 3 जुलाई 2024 से लागू हो जाएंगे। पहले की तरह ही तीनों कंपनियां अलग-अलग बंडन प्लान ऑफर करती हैं और ये मंथली, क्वार्टली व ऐनुअल वैलिडिटी के साथ आते हैं। जियो के सबसे किफायती मंथली रिचार्ज प्लान की कीमत अब 155 से बढ़कर 199 रुपए हो गई है। इस प्लान में ग्राहकों को अनलिमिटेड वॉइस कॉलिंग, 300एसएमएस और 2जीबी 4जी डेटा मिलता है।



### महंगा हो जाएगा मोबाइल टैरिफ

जियो, भारती एयरटेल और वोडाफोन आइडिया ने जुलाई से मोबाइल पर बात करना और इंटरनेट का इस्तेमाल करना महंगा कर दिया है।

### अब मिनिमम रीचार्ज-199

बता दें कि चाहें आप एयरटेल, जियो और वीआई ग्राहक हों लेकिन आपको फोन नंबर एक्टिव रखने और कॉल करने के लिए कम से कम 199 रुपए खर्च करने होंगे। इससे पहले जियो 155 रुपए, एयरटेल 179 रुपए का रिचार्ज ही करना होता था। एयरटेल और जियो यूजर्स के लिए ये नए रिचार्ज प्लान 3 जुलाई से उपलब्ध होंगे जबकि वीआई यूजर्स के लिए 4 जुलाई से नए रिचार्ज उपलब्ध होंगे।

### 199 रुपए वाला एयरटेल प्रीपेड प्लान

एयरटेल ने भी अपने सबसे सस्ते 179 रुपए वाले मंथली प्रीपेड प्लान का दाम बढ़ाकर 199 रुपए कर दिया है। इस प्लान में भी जियो वाले फायदे ही मिलते हैं। एयरटेल के इस रिचार्ज पैक में अनलिमिटेड वॉइस कॉलिंग, 2जीबी 4जी डेटा और 100एसएमएस हर दिन मिलते हैं। उन लोगों के लिए यह प्लान एकदम परफेक्ट है जो सिर्फ कॉल और मैसेज के लिए सिम कार्ड यूज करते हैं। वोडाफोन-आइडिया के सबसे किफायती मंथली रिचार्ज प्लान की कीमत भी 199 रुपउ है। वोडाफोन आइडिया के भी प्लान में जियो और एयरटेल की तरह 2 जीबी डेटा 28 दिनों के लिए मिलता है।

### इधर, स्मार्टफोन को 'अनलॉक' करने वाले गिरोह का भंडाफोड़

जयपुर पुलिस ने स्मार्टफोन को 'अनलॉक' करने एवं 'आईएमईआई नंबर' को 'क्रेक' करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए चार लोगों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 250 से अधिक मोबाइल जब्त किए हैं। कोतवाली थाना पुलिस ने विशेष टीम के साथ रायसर प्लाजा में कार्रवाई की और वहां से चार दुकानदारों अतुल गुप्ता, लोकेश गर्ग उर्फ लालू, गौतम सैनी उर्फ गोलू और महेश मुरजानी को गिरफ्तार किया। उनके पास से कंप्यूटर के साथ साथ 250 से अधिक पुराने फोन जब्त किए गए। पुलिस के अनुसार उनके कंप्यूटर से 100 से अधिक मोबाइल के 'आईएमईआई नंबर' बदलने की जानकारी सामने आयी है।

*लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान सोमवार को राहुल गांधी द्वारा दिए भाषण पर कैंची चल गई है। राहुल ने मोदी सरकार पर जमकर सरकार पर निशाना साधा था। इस दौरान उनके भाषण के कई हिस्सों पर ख़ुद पीएम मोदी, अमित शाह ने कई बार आपत्ति जताई। सत्ता पक्ष का कहना था कि राहुल गांधी सदन में गलत तथ्यों को बोल रहे हैं। साथ ही हिंदू समाज को लेकर दिए गए उनके भाषण पर भी आपत्ति जताई गई।*

**अदाणी-अंबानी सहित कई मुद्दों पर कांग्रेस नेता ने की थी बात**

# लोकसभा में दिए राहुल गांधी के भाषण पर चली कैंची

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली


सत्ता पक्ष की आपत्ति के बाद स्पीकर ओम बिरला ने राहुल के भाषण के कई हिस्सों लोकसभा के रिकॉर्ड से हटाने के निर्देश दिए। हटाए गए अंश में हिंदुओं और कुछ दूसरे धर्मों पर उनकी टिप्पणियां शामिल हैं। राहुल गांधी के लोकसभा भाषण के जो अंश सबसे ज्यादा हाइलाइट हुए उनमें भाजपा पर उनके आरोप भी शामिल थे, जिसमें कहा गया था कि पार्टी अल्पसंख्यकों के साथ गलत व्यवहार कर रही है और हिंसा कर रही है। उद्योगपतियों अडानी और अंबानी और अग्निवीर योजना पर कांग्रेस सांसद की टिप्पणियों के अंश भी हटा दिए गए।

## सत्ता पक्ष की आपत्ति के बाद कुछ हिस्सों को लोकसभा के रिकॉर्ड से विलोपित किया गया

**ये टिप्पणियां हटाई गईं**

- अल्पसंख्यकों के साथ अन्याय होता है
- उद्योगपति अडानी और अंबानी पर टिप्पणी
- कोटा में पूरी परीक्षा केंद्रीकृत है और अमीरों को फायदा पहुंचाती है।
- अग्निवीर योजना सेना की नहीं है, बल्कि पीएमओ की योजना है।

## राहुल ने स्पीकर को चिट्ठी लिखकर जताई आपत्ति



### 'मोदी की दुनिया में सच मिटाया जा सकता है'

राहुल गांधी ने मंगलवार को अपने हटाए गए भाषण के अंश पर संसद के बाहर नाराजगी व्यक्त करते हुए संसद भवन परिसर में पत्रकारों से कहा कि पीएम मोदी की दुनिया में सत्य को मिटाया जा सकता है, लेकिन हकीकत में नहीं। इस बीच राहुल लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को चिट्ठी लिखी। उन्होंने अनुरोध किया है कि उनकी टिप्पणियों को बहाल किया जाए। उन्होंने पत्र में लिखा कि यह देखकर स्तब्ध हूं कि किस तरह से मेरे भाषण के काफी हिस्से को निष्कासन की आड़ में कार्यवाही से हटा दिया गया है। मेरी सुविचारित टिप्पणियों को रिकॉर्ड से हटा देना संसदीय लोकतंत्र के सिद्धांतों के खिलाफ है।

## हिंदुओं पर टिप्पणी : राहुल पर परिवाद दायर

मुजफ्फरपुर। मुजफ्फरपुर की कोर्ट में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ परिवाद दायर किया गया है। बीते सोमवार को संसद में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नेता राहुल गांधी द्वारा हिन्दुओं को लेकर की गई टिप्पणी से आहत हिंदूवादी नेता देवयांशु किशोर ने परिवाद दायर कराया है। कोर्ट ने मामले को स्वीकार कर सुनवाई की तिथि 15 जुलाई 2024 को मुकर्रर की है। भारतीय न्याय संहिता की धारा 299, 302 और 356 (1) के तहत मामला दर्ज कराया है। मामले में परिवादी हिंदूवादी नेता और गिरिराज सिंह फैंस क्लब के देवयांशु किशोर ने कहा कि राहुल ने अपने बयान से देश भर के करोड़ों हिंदू समाज के लोगों की भावनाओं को आहत किया।

**शाह मामला : जज बोले-राहुल कोर्ट में पेश नहीं हुए तो एक्शन लेंगे**

राहुल गांधी पर अमित शाह हेट स्पीच मामले में सुल्तानपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट में सुनवाई चल रही है। राहुल आज भी सुनवाई के दौरान अदालत में पेश नहीं हुए। अदालत ने सुनवाई की अगली तारीख 26 जुलाई तय की है। अदालत ने राहुल के अदालत में पेश न होने पर आपत्ति जताई है। न्यायाधीश का कहना है कि अगर राहुल गांधी 26 को भी सशरीर अदालत में पेश नहीं हुए तो उन पर कार्रवाई की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### राज्य की खराब हालत डिप्टी सीएम नहीं लेंगे वेतन

**हैदराबाद।** आंध्र प्रदेश में हाल ही में बनी टीडीपी, जनसेना और भाजपा की सरकार लगातार ये दावा कर रही है कि जगन रेड्डी की पूर्ववर्ती सरकार ने राज्य की अर्थव्यवस्था को खराब कर के रख दिया था। आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण ने अब ऐलान किया है कि वह वेतन और अपने कार्यालय के लिए नया फर्नीचर सहित कोई भी विशेष भत्ता नहीं लेंगे। इसके पीछे उन्होंने राज्य की खराब आर्थिक स्थिति का हवाला दिया है। सोमवार को उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण ने बताया कि कार्यालय के अधिकारियों ने उनसे कार्यालय के रेनोवेशन और नया फर्नीचर खरीदने के बारे में पूछा था। हालांकि, पवन ने इससे साफ इनकार कर दिया है। उपमुख्यमंत्री कल्याण ने कहा कि कुछ मत करो और इसे छोड़ दो। मैंने उनसे कहा कि कोई नया फर्नीचर मत खरीदो और अगर जरूरत पड़ी तो मैं खुद ही ले आऊंगा।



### जीका वायरस : पुणे में मिले 6 केस मिले

**पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे में जीका वायरस फैल रहा है। शहर में संक्रमण के 6 मामले सामने आए हैं। खास बात यह है कि इनमें दो गर्भवती महिलाएं भी शामिल हैं। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के मुताबिक पुणे के एरंडवाने इलाके की 28 साल की गर्भवती महिला में जीका वायरस का संक्रमण पाया गया है। महिला की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। इसके अलावा एक और 12 सप्ताह की गर्भवती महिला के जीका वायरस से संक्रमित होने का पता चला है। फिलहाल, दोनों महिलाओं की हालत स्थिर है। दरअसल, गर्भवती महिलाओं के जीका वायरस का शिकार होने पर भ्रूण में माइक्रोसेफेली हो सकता है। यह ऐसी स्थिति होती है, जिसमें मस्तिष्क के असामान्य विकास के कारण सिर काफी छोटा हो जाता है।



### पुणे पोर्श कांड : रईसजादे के पिता को जमानत

**पुणे।** पुणे पोर्श कांड के आरोपी किशोर के पिता और दादा को आज कोर्ट ने जमानत दे दी। उन पर अपने परिवार के ड्राइवर का अपहरण करने और उसे गलत तरीके से कैद का मामला दर्ज था। मामले में फैसला सुनाते हुए अदालत ने कहा कि किशोर के दादा भले ही जेल से रिहा हो जाएंगे लेकिन, उसके पिता को जेल में ही रहना होगा। आरोपी के पिता पर खून के अदला-बदली करने में मिली-भगत के आरोप हैं। मंगलवार को पुणे पोर्श दुर्घटना के आरोपी किशोर के पिता विशाल अग्रवाल और दादा को एक मामले में जमानत दे दी। उन पर परिवार के ड्राइवर के अपहरण और गलत तरीके से कैद करने का आरोप था। कोर्ट से जमानत आदेश पारित होने के बाद किशोर के दादा सुरेंद्र कुमार अग्रवाल जल्द ही रिहा हो जायेंगे। हालांकि, नाबालिग आरोपी के पिता विशाल अग्रवाल न्यायिक हिरासत में रहेंगे क्योंकि, पुलिस को खून की अदला-बदली मामले में अपने दस्तावेज जमा करने हैं।



### पेपर लीक की आशंका को देखते हुए स्वास्थ्य मंत्रालय कर रहा विशेष इंतजाम

# गृह मंत्रालय की निगरानी में होगी नीट पीजी परीक्षा, दो घंटे पहले तैयार होगा क्वेश्चन पेपर

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

पिछले महीने 23 तारीख को आयोजित होने वाली नीट पीजी परीक्षा को शिक्षा मंत्रालय ने कुछ घंटे पहले ही स्थगित कर दिया था। यह परीक्षा 22 जून की रात को स्थगित की गई थी। अब माना जा रहा है कि यह परीक्षा अगस्त में आयोजित हो सकती है। हालांकि अभी आधिकारिक रूप से नई तारीख की घोषणा नहीं हुई है। इस बीच बड़ी जानकारी ये सामने आ रही है कि यह एग्जाम गृह मंत्रालय की निगरानी में आयोजित होगा और स्वास्थ्य मंत्रालय परीक्षा से महज दो घंटे पहले ही क्वेश्चन पेपर तैयार करेगा। यह इंतजाम पेपर लीक की संभावना को देखते हुए किए जाएंगे।

### *22 जून की रात को स्थगित की गई थी यह परीक्षा*



**गृह मंत्रालय ने की बैठक**

जानकारी के मुताबिक, नीट पीजी की नई तारीख की घोषणा से पहले परीक्षा आयोजन की मॉनिटरिंग गृह मंत्रालय के द्वारा ही की जा रही है। नीट पीजी एग्जाम को लेकर गृह मंत्रालय में एक बड़ी बैठक हुई है जिसमें राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड (एनबीईएमएस) के प्रोफेसर मीनू बाजपेई और वाइस प्रेसिडेंट शामिल हुए। इस बैठक में उन्होंने कहा कि परीक्षा से महज दो घंटे पहले प्रश्न पत्र को तैयार किया जाएगा ताकि पेपर लीक की कोई गुंजाइश ही ना रहे। उन्होंने कहा कि अभी सरकार अलग-अलग एजेंसियों के जरिए यह देख रही है कि कहीं पर किसी भी तरीके से कोई चूक होने की संभावना तो नहीं है। इस बैठक में साइबर सेल के अधिकारी भी शामिल हुए।

### परीक्षा में नहीं होगी कोई गड़बड़ी

*बैठक में एनबीईएमएस के प्रोफेसर मीनू बाजपेई, वाइस प्रेसिडेंट ने कहा कि राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड की तरफ से मैं भरोसा दिलाना चाहता हूं कि बच्चों को भरोसा रखना चाहिए कि सभी तरीके की जांच पड़ताल हुई है परीक्षा में किसी भी तरीके की गड़बड़ी नहीं होगी पारदर्शी तरीके से परीक्षा की जाएगी। बैठक में बाजपेई ने कहा कि नीट पीजी 2024 परीक्षा की नई तारीख जल्द घोषित की जाएगी। एग्जाम महीने भर के अंदर आयोजित कर लिया जाएगा। इस साल इस परीक्षा के लिए 2.38 लाख स्टूडेंट्स ने रजिस्ट्रेशन कराया है। नीट पीजी 23 जून को आयोजित होनी थी, लेकिन 22 जून को इस परीक्षा को स्थगित कर दिया गया।*

### राहुल ने नीट पर लिखा मोदी को पत्र

इस मुद्दे पर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चिट्ठी लिखी है। उन्होंने नीट पेपर लीक मामले पर संसद में उनसे बहस का समय मांगा है। राहुल गांधी ने कहा, हमारा उद्देश्य 24 लाख नीट के कैंडिडेट्स के हित में बात करना है, जो जवाब के हकदार हैं। संसद में प्रधानमंत्री के भाषण से पहले एलओपी ने पीएम से कहा, "मेरा मानना है कि यह उचित होगा कि आप इस बहस का नेतृत्व करें।

### 8 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट में अहम सुनवाई

विवादो में घिरी नीट-यूजी परीक्षा को लेकर लंबित याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट 8 जुलाई को अहम सुनवाई करेगा। सुप्रीम कोर्ट की तीन सदस्यीय पीठ में सीजेआई के अलावा जस्टिस जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्रा भी शामिल हैं।वहीं, नीट-यूपी परीक्षा में ओएमआर शीट में छेड़छाड़ से जुड़ी नई याचिका पर सुनवाई को सुप्रीम कोर्ट ने दो सप्ताह के लिए टाल दिया था। यह याचिका सोमवार को सुनवाई के लिए न्यायमूर्ति सीटी रविकुमार और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की अवकाशकालीन पीठ के समक्ष पेश की गयी थी, जिस पर सुनवाई के लिए दो सप्ताह बाद की तारीख तय की है।

### सदन में भिड़े उपराष्ट्रपति और खड़गे

# 'कभी किसी ने कुर्सी का इतना अपमान नहीं किया जितना आपने किया'

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली



सभापति और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और कांग्रेस के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे के बीच मंगलवार को राज्यसभा की कार्यवाही के दौरान तीखी बहस हो गई। इस दौरान सभापति ने खड़गे के प्रति नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि आपने कुर्सी का जितना अपमान किया है, उतना किसी ने नहीं किया। धनखड़ ने चेतावनी देते हुए कहा कि आप हर बार कुर्सी को नीचा नहीं दिखा सकते।

दरअसल, कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी अपने संबोधन में केंद्र सरकार पर निशाना साध रहे थे। इसी दौरान, सभापति ने तिवारी को टोका कि बिना तथ्यों के आरोप मत लगाइए। इस पर कांग्रेस सांसद जयराम रमेश अपनी सीट से खड़े होकर बोलने लगे। इस पर सभापति खड़गे ने नाराजगी जाहिर करते हुए तंज कसा कि जयराम इतने समझदार है कि उन्हें खड़गे की जगह बैठना चाहिए। इस पर खड़गे ने आपत्ति ली और बराबर में बैठीं सोनिया गांधी की तरफ इशारा करते हुए कहा कि 'मुझे बनाने (राज्सभा में विपक्ष का नेता) वाले यहां बैठे हैं सोनिया गांधी। न रमेश मुझे बना सकता है और न आप मुझे बना सकते हैं'। खड़गे के इस बयान पर सभापति जगदीप धनखड़ नाराज हो गए।

### 'आप हर बार कुर्सी को नीचा नहीं दिखा सकते

नाराज सभापति धनगड़ ने कहा 'आप हर बार कुर्सी को नीचा नहीं दिखा सकते। आप हर बार कुर्सी का अनादर नहीं कर सकते... आप अचानक खड़े हो जाते हैं और बिना यह समझे कि मैं क्या कह रहा हूं, कुछ भी बोल देते हैं। इस देश और संसदीय लोकतंत्र और राज्यसभा की कार्यवाही के इतिहास में कुर्सी के प्रति इतनी अवहेलना कभी नहीं हुई, जितनी आपने की। अब आपको आत्मचिंतन करने का समय आ गया है।'

# मूसेवाला की तरह सलमान को मारने का था प्लान!

एजेंसी ▸▸| मुंबई

बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के घर के बाहर हुई फायरिंग मामले में नवी मुंबई पुलिस ने एक नया खुलासा किया है। पुलिस ने इस मामले में गिरफ्तार हो चुके, लॉरेंस बिश्नोई गैंग के पांच आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दायर की। चार्जशीट में दावा किया गया है कि जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई ने सलमान खान की हत्या की साजिश के लिए 25 लाख की सुपारी दी थी। लॉरेंस बिश्नोई गैंग सिद्धू मूसेवाल की तरह सलमान खान की भी हत्या करना चाहती थी। आरोपी पाकिस्तान से एके-47 राइफल, एके-92 राइफल, M-16 राइफल और तुर्की मेड जिगाना पिस्तौल खरीदने की तैयारी कर रहे थे। बता दें कि जिगाना पिस्तौल वही है, जिससे पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या की गई थी।

सलमान के घर पर हुई थी फायरिंग( 14 अप्रैल को बाइक पर आए लोगों ने मुंबई के बांद्रा में सलमान के गैलेक्सी स्थित अपार्टमेंट के बाहर कई गोलियां चलाई थी। हमलावर विक्की गुप्ता और सागर पाल को गुजरात से गिरफ्तार किया गया था। हमलावरों को कथित तौर पर अपराध उपलब्ध कराने वाले सोनू बिश्नोई और अनुज थापन को बाद में पंजाब से पकड़ा गया था। थापन ने 1 मई को यहां हवालात में कथित तौर पर फांसी लगा ली थी। मुंबई पुलिस ने बाद में मामले में और गिरफ्तारियां की। लॉरेंस बिश्नोई अभी गुजरात के अहमदाबाद की साबरमती केंद्रीय जेल में बंद है, जबकि ऐसा माना जाता है कि अनमोल बिश्नोई अमेरिका या कनाडा में है।

सलमान के साथ रहते हैं 11 जवान( सलमान के साथ पहले महाराष्ट्र पुलिस के जवान रहते थे, लेकिन धमकी मिलने के बाद उन्हें Y+ कैटेगरी की सुरक्षा दी गई है। जिसके तहत सलमान के साथ 11 जवान हर समय साथ रहते हैं।



- पाकिस्तान से आनी थी एके-47, चार्जशीट में हुए चौंकाने वाले खुलासे

### *लॉरेंस गैंग के 5 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल*

*350 पन्नों की चार्जशीट में लॉरेंस गैंग के 5 लोगों के नाम शामिल हैं। इनमें अजय कश्यप (28), गौतम विनोद भाटिया (29), वास्पी महमूद खान उर्फ चाइना (36), रिजवान हसन उर्फ जावेद खान (25), और दीपक हवासिंह उर्फ जॉन वाल्मीकी (30) के नाम हैं।*

### *हर मूवमेंट पर रखी जा रही थी नजर*

*पनवेल पुलिस के मुताबिक, करीब 60 से 70 लोग सलमान खान की हर मूवमेंट की खबर रख रहे थे। रिपोर्ट के अनुसार, गैंग 15-16 लोगों वाले एक वाट्सएप ग्रुप का उपयोग करती थी, जिसमें बिश्नोई का कनाडा में रहने वाला चचेरा भाई अनमोल बिश्नोई, गोल्डी बरार, अजय कश्यप, विनोद भाटिया, वासपी महमूद खान उर्फ चाइना और रिजवान हसन खान शामिल था।*

# 'केजरी की गिरफ्तारी के लिए बनाया झूठा आधार'

### *हाईकोर्ट ने सीबीआई से मांगा जवाब*

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका पर दिल्ली हाई कोर्ट में सुनवाई हुई। सीबीआई ने अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया है। केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने उनकी गिरफ्तारी पर सवाल खड़ा किया। उन्होंने कहा कि एफआईआर 2022 में ही दर्ज की गई थी। अप्रैल 2023 में समन किया गया और 9 घंटे पूछताछ की गई। उसके बाद अब तक कुछ नहीं किया गया और डायरेक्ट गिरफ्तार कर लिया गया। केजरीवाल ने विशेष अदालत के 26 जून वाले आदेश को भी चुनौती दी है। उन्होंने कहा कि उन्हें 3 दिन के लिए सीबीआई की रिमांड पर भेजा गया था। सीबीआई ने गिरफ्तारी के लिए झूठा आधार बनाया और कोई तर्क नहीं दिया गया। केजरीवाल की ओर से दायर याचिका में कहा गया कि पहले से उपलब्ध सामग्री के आधार पर गिरफ्तारी की गई है, जो कि अवैध है और इसकी कानूनन अनुमति नहीं है।



केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने दिल्ली हाईकोर्ट में कहा कि हम गिरफ्तारी रद्द करके उन्हें हिरासत से छोड़ने की मांग कर रहे हैं। इसके बाद कोर्ट ने पूछा कि क्या आपने जमानत याचिका दायर की है? इसके जवाब में सिंघवी ने कहा कि अभी ऐसा नहीं किया है, लेकिन ऐसा करेंगे। इसके बाद हाई कोर्ट ने सीबीआई को भी नोटिस जारी किया और इस मामले पर जवाब दाखिल करने को कहा। अब इस मामले की सुनवाई 17 जुलाई को होगी।

### जवाब दाखिल करने के लिए 5 दिन का समय

सीबीआई को जवाब दाखिल करने के लिए 5 दिन का समय दिया गया है। जैसे ही सीबीआई अपना जवाब दाखिल करेगी, उसके बाद 2 दिन का समय अरविंद केजरीवाल को अपना जवाब दाखिल करने के लिए दिया गया है।

### तिहाड़ से केजरीवाल को किया गया था गिरफ्तार

बता दें कि ईडी ने केजरीवाल को गिरफ्तार किया था और वह मनी लॉन्ड्रिंग केस में न्यायिक हिरासत में थे। इसके बाद 26 जून को तिहाड़ जेल से ही सीबीआई ने केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया। केजरीवाल को निचली अदालत में पेश किया गया और उन्हें 3 दिन की सीबीआई रिमांड पर भेज दिया गया।

## मंत्री की पत्नी ने पुलिसकर्मी को लगाई फटकार, बाद मांगी माफी, वीडियो सोशल मीडिया में वायरल

**हैदराबाद।** आंध्र प्रदेश के परिवहन मंत्री मंदीपल्ली रामप्रसाद रेड्डी की पत्नी हरिता रेड्डी सुर्खियों में हैं। उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है जिसमें उन्हें एक पुलिस सब-इंस्पेक्टर को डांटते हुए सुना जा सकता है। वजह यह बताई जा रही है कि पुलिसकर्मी को उन्हें एस्कॉर्ट करने के लिए आगे आना था लेकिन वह देरी से वहां पहुंचा। हरिता रेड्डी रायचोटी में एक समारोह में भाग ले रही थीं, जहां से उनके पति हाल ही में विधायक बने हैं। यह समारोह सत्तारूढ़ तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) द्वारा किए वरिष्ठ नागरिक पेंशन बांटे जाने से जुड़ा हुआ था।

### क्यों आया था हरिता रेड्डी को गुस्सा?

चिन्नामंडम पुलिस स्टेशन के एसआई रमेश बाबू को हरिता रेड्डी के गुस्से का सामना करना पड़ा था। उन्होंने बताया, "हमारे बीच कुछ गलतफहमी थी, किसी ने उनसे कहा कि प्रोटोकॉल के अनुसार एसआई उनके साथ जाएंगे, लेकिन ऐसा कोई प्रोटोकॉल नहीं है। उस गलतफहमी के कारण उन्हें आधे घंटे से ज़्यादा समय तक इंतजार करना पड़ा, और जब मुझे पता चला तो मैं वहां पहुंचा और वह भड़क उठीं। दिन में लगभग 3 बजे मैंने उन्हें समझाया कि क्या हुआ था और हमने एक-दूसरे से माफ़ी मांगी। यह बहुत गंभीर मामला नहीं है, लेकिन वीडियो वायरल हो गया।"

### मंदिर ट्रस्ट कर रहा पहल

# 500 वर्षों का संघर्ष राम मंदिर पर बनने जा रही डॉक्यूमेंट्री

एजेंसी ▸▸| अयोध्या

500 वर्षों के संघर्ष के बाद भगवान राम लला का मंदिर सुखद परिणाम के साथ आकार लेकर खड़ा है। आराध्य भव्य मंदिर में विराजमान हैं। लेकिन, इस भव्य मंदिर में आराध्य के विराजमान होने के पहले के संघर्षों की कहानी को आगामी युवा पीढ़ी जान सके। इस लिहाज से राम मंदिर ट्रस्ट राम मंदिर पर एक डॉक्यूमेंट्री बना रहा है। इस डॉक्यूमेंट्री में 500 वर्षों तक राम मंदिर के संघर्ष में शहीद हुए राम भक्त रामलला के पक्ष में फैसला और मंदिर निर्माण के विधि के साथ भगवान की भव्य प्राण प्रतिष्ठा और उस प्राण प्रतिष्ठा में शामिल देश और दुनिया के अति विशिष्ट लोग पर आधारित होगी। जानकारी के मुताबिक, डॉक्यूमेंट्री का निर्माण शुरू भी हो गया है। आगामी पीढ़ी राम मंदिर के संघर्षों को जान सके कि कैसे अयोध्या में भव्य मंदिर का निर्माण हुआ है। इस डॉक्यूमेंट्री में बीते 500 वर्षों की पूरी जानकारी होगी। कोर्ट के फैसले से लेकर भव्य मंदिर निर्माण तक का किस्सा डॉक्यूमेंट्री में होगा।



### *डॉक्यूमेंट्री में होगी संघर्ष की कहानी*

रामलला के प्रधान पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने कहा कि यह बहुत ही अच्छी पहल है। राम मंदिर के इतिहास को आगामी पीढ़ी करीब से जान पाएगी। राम मंदिर आंदोलन में कई लोगों ने अपनी आहुतियां दी, जिनको कोई नहीं जानता. राम मंदिर पर बनाई गई डॉक्यूमेंट्री में उनको भी लोग जान पाएंगे। राम मंदिर के आंदोलन के दरमियां लोगों ने कैसे अपनी आहुतियां दी, कैसे संघर्ष हुआ, इसको डॉक्यूमेंट्री में दर्शाया जाएगा। राम मंदिर के संघर्ष के साथ कोर्ट का निर्णय और फिर मंदिर निर्माण यह सारी चीज फिल्म के माध्यम से हर व्यक्ति को पता चलेगा। इस फिल्म का हम स्वागत करते हैं।



# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


## महत्वपूर्ण दायित्व मिलने के इंतजार में बैठे हैं ये अधिकारी

### डीआईजी पारुल भी पीएचक्यू पहुंचीं



डीआईजी पारुल माथुर एसएसपी बिलासपुर और डीआईजी सरगुजा के रूप में काम कर चुकी हैं। फिलहाल वे पुलिस मुख्यालय में पदस्थ हैं। उन्हें कोई महत्वपूर्ण सरकार ने नहीं दिया है। पुलिस महानिदेशन ने मुख्यालय में डीडीओ का दायित्व दे रखा है।

# काम के लिए तरसे कई आईपीएस अफसर, पीएचक्यू में बैठे, कई लगा रहे केवल हाजिरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

पुलिस विभाग में इन दिनों दो तस्वीरें दिख रही हैं। एक तस्वीर ऐसी है जहां कुछ अधिकारियों-कर्मचारियों के पास इतना काम है कि वे दिन रात काम के बोझ से दबे हुए हैं, उन्हें सिर उठाने की भी फुरसत नहीं है। इसके उलट दूसरी तरफ पुलिस मुख्यालय में कई वरिष्ठ और काबिल अफसर दफ्तर में बैठे अपना समय काट रहे हैं, उनके पास कोई काम नहीं है। कई ऐसे हैं जो केवल हाजिरी लगाने ही मुख्यालय पहुंचते हैं।

ऐसे अफसरों में एडीजी से लेकर एसपी रैंक तक के भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारी हैं। खास बात ये है कि इनमें से कुछ अधिकारी पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में प्रभावी भूमिका में थे, लेकिन राज्य में सरकार बदलने के बाद से हाशिए पर हैं। पुलिस में सभी प्रमुख पदों पर अधिकारियों की पोस्टिंग जाहिर है सरकार की पसंद या उनकी कार्यक्षमता के आकलन के हिसाब से होती है। ये अलग बात है कि किस अधिकारी के कामकाज का किस सरकार में किस प्रकार मूल्यांकन या आकलन किया जाता है। बहरहाल छत्तीसगढ़ में पिछले साल 2023 में सरकार बदलने के बाद से कई अफसरों को फील्ड से हटाकर पुलिस मुख्यालय में भेजा गया है, वे वहीं पदस्थ है, लेकिन उन्हें अब तक कोई महत्वपूर्ण दायित्व नहीं मिल पाया है। इन अधिकारियों को उनकी वरिष्ठता एवं अनुभव के आधार पर महत्वपूर्ण दायित्व मिलने का इंतजार है।

## एडीजी, आईजी, डीआईजी, एसपी रैंक के अफसर हैं खाली

### दीपांशु पुलिस मुख्यालय में पदस्थ



पुलिस मुख्यालय के सूत्रों के अनुसार जिन वरिष्ठ अधिकारियों को सरकार ने अब तक कोई महत्वपूर्ण दायित्व नहीं दिया है और वे पुलिस मुख्यालय में ही पदस्थ हैं। ऐसे अफसरों की सूची में एडीजी दीपांशु काबरा का नाम प्रमुख है। वे पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में महत्वपूर्ण दायित्व निभा चुके हैं। उनके पास जनसंपर्क विभाग में आयुक्त सह संचालक का दायित्व था। वे परिवहन विभाग में आयुक्त के रूप में भी सेवाएं दे रहे थे, लेकिन सरकार बदलने के कुछ समय बाद उन्हें बतौर एडीजी पुलिस मुख्यालय में पदस्थ किया गया है।

### बीएन मीणा डीआईजी राव पीएचक्यू में





इसी क्रम में आईजी बद्री नारायण मीणा का नाम भी शामिल है। वे रेंज भी आईजी के रूप में काम कर चुके हैं। इसी तरह डीआईजी बालाजी राव सोमावार कई जिलों में एसपी व डीआईजी के रूप में काम करने के बाद पुलिस मुख्यालय पहुंचे हैं। उनके पास कोई महत्वपूर्ण दायित्व नहीं है।

### डा. आनंद छाबड़ा और अजय यादव भी पीएचक्यू में





इसी क्रम में अगला नाम डॉ. आनंद छाबड़ा का है। वे आईजी के रूप में महत्वपूर्ण सेवाएं दे चुके हैं। फिलहाल पुलिस मुख्यालय में उनके पास कोई महत्वपूर्ण प्रभार नहीं है। इसी तरह अजय यादव जो पिछली सरकार के कार्यकाल में रेंज आईजी के रूप में फील्ड में काम कर रहे थे, कई जिलों के एसपी के रूप में काम कर चुके हैं, लेकिन अभी पुलिस मुख्यालय में वे आईजी के रूप में ही काम कर रहे हैं।

### तेजतर्रार उदय किरण भी तरसे



डीआईजी अभिषेक मीणा, प्रखर पांडेय और नेहा चंपावत भी पुलिस मुख्यालय में हैं। इन्हें पुलिस महानिदेशक ने कुछ दायित्व दे रखे हैं, लेकिन महत्वपूर्ण पदों पर सरकार ने इनकी पोस्टिंग नहीं की है। तेज तर्रार आईपीएस अधिकारियों में शुमार एआईजी उदय किरण का नाम शामिल है। वे जिलों में एसपी के रूप में काम करने के बाद अब पुलिस मुख्यालय में एआईजी के रूप में काम कर रहे हैं।


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### रथयात्रा के लिए दो दिन के अवकाश की घोषणा



**भुवनेश्वर।** ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने मंगलवार को सात और आठ जुलाई को रथयात्रा के लिए दो दिवसीय अवकाश की घोषणा की, जो 53 वर्षों के बाद एक विशेष अवसर है। माझी ने इस दो दिवसीय विशेष उत्सव के महत्व पर प्रकाश डाला, जो पिछली बार 1971 में मनाया गया था।

### मालगाड़ी से कंटेनर गिरे रेल यातायात प्रभावित



**चंडीगढ़।** हरियाणा के करनाल जिले में तरावड़ी के निकट मंगलवार सुबह एक मालगाड़ी से कुछ कंटेनर पटरी पर गिर गए, जिससे रेल यातायात बाधित हो गया। यह ट्रेन अंबाला से दिल्ली जा रही थी। आठ कंटेनर गिर गए। रेलवे अधिकारी इसके कारणों की जांच कर रहे हैं। ट्रेन अंबाला से दिल्ली जा रही थी, तभी करनाल के तरावड़ी के पास यह घटना हुई। अंबाला-दिल्ली मार्ग पर रेल यातायात प्रभावित हुआ है।

### पासपोर्ट सेवा केंद्रों से भ्रष्टाचार, 1.59 करोड़ जब्त



**नई दिल्ली।** सीबीआई ने मुंबई के पासपोर्ट सेवा केंद्रों से जुड़े भ्रष्टाचार गिरोह का भंड़ाफोड़ करने के बाद अभियान में 1.59 करोड़ रुपए नकद और अहम डिजिटल सबूत जब्त किए हैं। 14 अधिकारियों और 18 दलालों तथा बिचौलियों के खिलाफ मामले दर्ज करने के बाद सीबीआई ने तलाशी ली। नकदी के अलावा सीबीआई को पांच डायरी मिली हैं जिनमें लेनदेन के कथित विवरण और रिश्वतखोरी गिरोह के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी निहित है। जांच एजेंसी ने आरोप लगाया है कि भ्रष्टाचार में कई आरोपी अधिकारी और बिचौलिए लिप्त थे।

### कॉलेज ने टी-शर्ट और फटी जींस पहनने से रोका



**मुंबई।** हिजाब पर प्रतिबंध लगाने के लिए चर्चा में रहे मुंबई के एक कॉलेज ने अब छात्रों के फटी जींस, टी-शर्ट, गरिमाहीन कपड़े और जर्सी या ऐसे कपड़े पहनने पर रोक लगा दी है। जारी एक नोटिस में कहा कि छात्रों को परिसर में औपचारिक और शालीन पोशाक पहननी चाहिए। नोटिस में कहा गया है कि छात्र आधी या पूरी बाजू की कमीज और पेंट पहन सकते हैं।

दक्षिण-पश्चिम मानसून को लेकर मौसम विज्ञान विभाग ने किया ऐलान

# समय से छह दिन पहले पूरे देश में पहुंचा मानसून, कहीं बारिश और कहीं इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

*दक्षिण-पश्चिम मानसून मंगलवार को पूरे देश में पहुंच गया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार मानसून राजस्थान, हरियाणा और पंजाब के बाकी हिस्सों में आगे बढ़ गया है। इसने तय समय से छह दिन पहले सभी राज्यों को कवर कर लिया है। आमतौर पर यह 8 जुलाई को पूरे भारत को कवर करता है। मानसून के पहुंचने बाद भी देश के कई इलाकों में भारी बारिश तो कुछ राज्यों में बारिश की कमी देखी जा रही है।*

दक्षिण-पश्चिम मानसून सामान्य तिथि से छह दिन पहले ही पूरे देश में पहुंच गया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने मंगलवार को यह जानकारी दी। विभाग ने एक बयान में कहा, दक्षिण-पश्चिम मानसून आज राजस्थान, हरियाणा और पंजाब के शेष भागों में और आगे बढ़ गया। इस प्रकार इसने दो जुलाई 2024 तक ही पूरे देश को कवर कर लिया, जबकि यह सामान्य रूप से आठ जुलाई तक पूरे देश में पहुंचता है। उसने बताया कि मानसून अपने सामान्य समय से छह दिन पहले ही पूरे भारत में पहुंच गया। मानसून केरल और पूर्वोत्तर क्षेत्र में 30 मई को पहुंचा था, जो सामान्य से दो से छह दिन पहले है। यह महाराष्ट्र तक सामान्य रूप से आगे बढ़ा, लेकिन इसकी गति धीमी हो गई जिसके कारण पश्चिम बंगाल, ओडिशा, झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में बारिश का इंतजार बढ़ गया तथा उत्तर-पश्चिम भारत में भीषण गर्मी का प्रभाव और अधिक बढ़ गया। देश में 11 जून से 27 जून तक 16 दिन सामान्य से कम वर्षा दर्ज की गई, जिसके कारण जून में कुल मिलाकर सामान्य से कम वर्षा हुई। इस महीने में 147.2 मिलीमीटर वर्षा हुई, जबकि इस महीने में सामान्य रूप से 165.3 मिलीमीटर वर्षा होती है, जो 2001 के बाद से सातवीं सबसे कम वर्षा है। देश में चार महीने के मानसून के दौरान कुल वर्षा (87 सेंटीमीटर) में से 15 प्रतिशत बारिश जून में होती है।



- हर साल 8 जुलाई तक पूरे भारत को कवर करता था मानूसन
- राजस्थान, हरियाणा और पंजाब के शेष भागों में बढ़ा आगे

### असम में बाढ़, 13 का रेस्क्यू

असम में बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी रही और 6.5 लाख से अधिक लोग इस प्राकृतिक आपदा की दूसरी लहर से जूझ रहे हैं। भारतीय वायु सेना ने बाढ़ से गंभीर रूप से प्रभावित डिब्रूगढ़ जिले में फंसे 13 मछुआरों को बचाया है। वायुसेना से फंसे हुए 13 को हेलीकॉप्टर की मदद से निकाला।

### मिजोरम में भूस्खलन, तीन मरे

मिजोरम की राजधानी आइजोल के बाहरी इलाके में भूस्खलन से एक इमारत आंशिक रूप से जमींदोज हो गई जिससे चार वर्षीय एक बच्ची समेत कम से कम तीन लोगों के मारे जाने की आशंका है। सुबह के समय लगातार बारिश के कारण यह घटना हुई और तब इमारत में रहने वाले लोग सो रहे थे।

### इधर, बद्रीनाथ में अलकनंदा नदी हुई रौद्र, श्रद्धालु भी सहमे

उत्तराखंड में उच्च गढ़वाल हिमालय क्षेत्र में स्थित विश्वविख्यात बद्रीनाथ मंदिर के ठीक नीचे अलकनंदा नदी के तट पर महायोजना के तहत हो रही खुदाई के कारण सोमवार देर शाम नदी में बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई। पानी ऐतिहासिक तप्तकुंड की सीमा को छूने लगा जिससे धाम में मौजूद श्रद्धालु सहम गये। हालांकि, कुछ घंटे उफान पर रहने के बाद नदी का जलस्तर सामान्य हो गया। अलकनंदा, बद्रीनाथ मंदिर से कुछ ही मीटर नीचे बहती है। नदी तट और मंदिर के बीच में ऐतिहासिक एवं धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण पवित्र तप्तकुंड है और मंदिर के दर्शन करने से पूर्व श्रद्धालु गर्मपानी के इसी कुंड में स्नान कर भगवान बद्रीविशाल के दर्शन करते हैं। इसी स्थान के पास ब्रह्मकपाल क्षेत्र है जहां भक्तजन अपने पूर्वजों की याद में पित्रदान करते हैं। इसी क्षेत्र में नदी के तट पर 12 शिलाएं हैं जो बद्रीनाथ यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पूजनीय है। अलकनंदा नदी इसी इलाके में कई घंटों तक उफान पर रही।

## 48 घंटे संयुक्त अभियान में मार गिराए पांच नक्सली

- नारायणपुर के कोहकामेटा थाना क्षेत्र में ऑपरेशन
- बड़ी संख्या में हथियार व नक्सल सामग्री बरामद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर/नारायणपुर

नारायणपुर के माड़ स्थित कोहकामेटा थाना क्षेत्र के जंगल में पिछले 48 घंटे तक चले अंतरजिला नक्सल अभियान में सुरक्षा बलों ने 5 नक्सलियों को ढेर कर दिया है। सुरक्षा बलों ने नक्सलियों के शव के अलावा भारी मात्रा में हथियार व नक्सल सामग्री बरामद किया है।

मुठभेड़ की पुष्टि करते हुए आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि 30 जून से माड़ में नक्सल विरोधी अभियान चलाया जा रहा था। अभियान के दौरान नक्सलियों के साथ हुए मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने पांच नक्सलियों को मार गिराया है। देर शाम तक मिले सूचना के मुताबिक मुठभेड़ में कई नक्सलियों के घायल होने की खबर है। वहीं सुरक्षा बलों ने माओवादियों के कब्जे से बड़ी मात्रा में आर्म्स एम्युनेशन भी बरामद किया है। आईजी ने बताया कि देर शाम को पांच माओवादियों के शव ▶▶ शेष पेज 8 पर


### तीन दिन से चल रहा ऑपरेशन

मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों के संबंध में अन्य जानकारी फोर्स के वापस लौटने के बाद मिल सकेगी। हालांकि नक्सलियों के खिलाफ यह अभियान तीसरे दिन भी जारी है। इलाके में सर्चिंग अभियान चलाया जा रहा है।

### 1 हजार से अधिक जवानों ने चलाया अभियान

**रायपुर**। विधि विभाग में अतिरिक्त सचिव उमेश कुमार काटिया को सेवानिवृत्ति के बाद संविदा नियुक्ति देने की प्रक्रिया का विभागीय कर्मचारी विरोध कर रहे हैं। विभाग के कर्मचारियों को कहना है कि विभागीय कार्यों में दक्षता नहीं रखने वाले हैं और अपने सेवाकाल के दौरान उनका व्यवहार कर्मचारियों के प्रति नकारात्मक और पक्षपात पूर्ण रहा। कर्मचारियों ने कहा, उनको संविदा नियुक्ति दिए जाने से शासकीय कार्य प्रभावित होंगे। राज्य निर्माण के बाद मंत्रालय कर्मचारी संघ द्वारा विधि विभाग के कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण के संबंध में ध्यान नहीं दिया जाता। अतः विधि विभाग के कर्मचारियों द्वारा अपनी विभागीय समस्याओं के निराकरण के लिए पृथक से विभागीय कर्मचारी संघ का गठन कर लिया है। इसमें अनिल सिन्हा, उप सचिव को अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया। ज्ञातव्य हो कि राज्य मंत्रालय की प्रशासनिक व्यवस्था के तहत विधि विभाग को छोड़कर अन्य समस्त विभाग की स्थापना सामान्य प्रशासन विभाग के अधीन है।

### कमांडेंट के सूने मकान में लाखों की चोरी

**रायपुर**। विधानसभा थाने में इंडो तिब्बत बार्डर पुलिस में पदस्थ एक कमांडेट ने अज्ञात के खिलाफ अपने सूने मकान से 45 हजार रुपए नकद तथा हीरे की अंगूठी तथा मंगलसूत्र चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। सकरी स्थित गैलेक्सी आईलैंड निवासी दुष्यंत राज जायसवाल ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। दुष्यंत ने पुलिस को बताया कि वह अपने मकान का काम करा रहा है, शनिवार को सुबह दुष्यंत अपने मकान में गया तो देखा कि कोई अज्ञात चोर दरवाजे का ताला तोड़कर आलमारी में रखे लॉकर से जेवर तथा नकदी पर हाथ साफ कर दिया है।

# विधानसभा सत्र के लिए लगे 770 सवाल, अनपूरक बजट और विधेयक होंगे पेश

## सवाल लगाने का आज अंतिम दिन

हरिभूमि न्यूज:रायपुर

विधानसभा के मानसून सत्र के लिए विधायकों के सवाल लगने शुरू हो गए हैं। पांच दिनों के सत्र के लिए अब तक 770 सवाल लग चुके हैं। विधायकों के लिए सवाल लगाने का बुधवार को अंतिम दिन है। सत्र के दौरान अधिकतम सवाल ऑनलाइन लगाए गए हैं। विधानसभा सचिवालय इन सवालों को जवाब के लिए विभागों को भेजा जा रहा है। सत्र में कानून व्यवस्था, कृषि और अन्य विभागों से संबंधित सवाल लगाए गए हैं। सत्र के दौरान राज्य सरकार की ओर से कई संशोधन विधेयक और अनुपूरक बजट भी लाने की तैयारी है। सत्र को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष की तैयारी जोरों पर है।

छत्तीसगढ़ विधानसभा का मानसून सत्र 22 से 26 जुलाई तक आहूत की गई है। अधिसूचना जारी




होने के साथ ही 26 जून से सवाल लगने का क्रम शुरू हो गया था। पिछले पांच दिनों में विधायकों ने 770 सवाल लगाए हैं। इनमें 738 सवाल ऑनलाइन लगाए गए हैं। वहीं 32 सवाल ऑफलाइन लगाए गए हैं। इन सवालों में 395 सवाल तारांकित और 375 सवाल अतारांकित प्रकृति के हैं। तारांकित सवालों पर सदन में विधायकों द्वारा प्रति प्रश्न किए जा सकते हैं। सत्र के दौरान प्रश्नोत्तरी और शासकीय कार्य लिए जाएंगे। अंतिम दिन अशासकीय कार्य भी निपटाए जाएंगे।

### लाए जाएंगे संशोधन विधेयक

मानसून सत्र में सरकार कई महत्वपूर्ण संसोधन विधेयक पेश कर सकती है। राज्य में होने वाले नगरीय निकाय चुनाव को लेकर नगरीय निकायों में अध्यक्ष, महापौर चुनाव प्रत्यक्ष रूप से किए जाने को लेकर संशोधन विधेयक लाएगी। कैबिनेट की बैठक में इस पर सैद्धांतिक सहमति हो चुकी है। वहीं नक्सल वाद पुनर्वास नीति को लेकर राज्य सरकार संशोधन विधेयक ला सकती है। आबकारी विभाग में नई शराब नीति के तहत नियमों में संशोधन करेगी। विभागों द्वारा इस संबंध में राज्य सरकार को प्रस्ताव देकर कैबिनेट की अनुमति के बाद कुछ और संशोधन विधेयक लाया जा सकता है।

### सरकार को घेरने का होगा प्रयास

नई सरकार बनने के बाद यह तीसरा सत्र होगा। सत्र में रूप से खाद-बीज वितरण को लेकर चर्चा किए जाने के साथ अन्य विभागों की कार्यप्रणाली को लेकर विपक्ष सरकार को घेरने का प्रयास करेगा। माना जा रहा है कि सत्र के दौरान कई मामलों में हंगामा होने के आसार हैं। राज्य में नदियों से रेत निकाले जाने को लेकर पूरे प्रदेश में अवैध उत्खनन को लेकर कई सवाल लगे हैं। ऐसे मामलों में कार्रवाई न होने से हंगामे के आसार हैं।

# संसद में संतोष पांडे ने राहुल गांधी से पूछा- हिंदुस्तान के अंदर हिंसा कौन फैला रहा

**जो जम्मू कश्मीर में बम फोड़ते रहे, जिन्होंने कन्हैयालाल टेलर का गला काटा, जो फिलिस्तीन जिंदाबाद के नारे लगा रहे हैं, वो कौन से समाज से हैं?**

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के सांसद संतोष पांडेय ने हिंदुओं को हिंसक, नफरती और असत्यवादी कहे जाने पर राहुल गांधी पर मंगलवार को लोकसभा में जमकर हमला बोला। श्री पांडेय ने लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चल रही चर्चा में हिस्सा लेते हुए सवाल किया कि हिंदुस्तान में हिंसा कौन फैला रहा है? राहुल गांधी ने सोमवार को लोकसभा में धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान हिंदू समाज को हिंसक कहा था। श्री पांडेय ने राहुल गांधी के कथन पर कड़ी आपत्ति जताई।

श्री पांडेय ने मंगलवार को चर्चा में भाग लेते हुए कहा, राहुल गांधी ने जो शुरुआत की है, हिंदुत्व और हिंदू को लेकर तथा भाजपा के लोगों को जो हिंसक कहा है, उस परिप्रेक्ष्य में राहुल गांधी कुछ प्रश्न के जवाब दें। क्या हिंदू हिंसक हो रहा है? क्या भाजपा हिंसा की बात करती है? हिंदुस्तान के अंदर हिंसा कौन फैला



रहा है? हिंदू समाज कितना हिंसक हुआ है? कितना हिंसक यह तथाकथित शांतिप्रिय समाज है, यह पूरा भारत जानता है। क्या कर्नाटक में प्रवीण नेतारु की हत्या हिंदू समाज की भीड़ ने की थी? क्या राजस्थान में कन्हैयालाल टेलर की हत्या गला रेत करके हिंदू समाज ने की थी? क्या यह हिंदू समाज है, जो अलग-अलग जगह पर हंगामा खड़ा कर रहा है? जिस तरीके की हत्याएं पूरे हिंदुस्तान के अंदर हो रही हैं, उसकी चर्चा करते हुए श्री पांडेय ने राहुल गांधी से सवाल किया कि जम्मू-कश्मीर में बम विस्फोट करने वाला किस समाज का है? जम्मू-कश्मीर में हमला करने वाले किस समाज से आते हैं? फिलिस्तीन जिंदाबाद के नारे चिल्ला-चिल्लाकर लगाने वाले किस समाज के हैं? संसद में चिल्ला चिल्लाकर राहुल गांधी ने जिस प्रकार की बातें कही हैं, यहां की परंपराओं को तोड़ने की कोशिश की है मर्यादाओं को तार-तार करने की कोशिश की है, किंतु यह हमारी उच्च परंपरा रही है और राहुल गांधी सदन की परंपरा भंग करने में सफल नहीं हो पाएंगे।

## भूपेश बोले- राहुल ने हिंदू को हिंसक नहीं बताया, यह भाजपा का दुष्प्रचार



राहुल गांधी के बचाव में उतरे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, राहुल ने संसद में बस इतना कहा कि डरो मत, डराओ मत, इसी बात को लेकर उन्होंने भगवान शिव की तस्वीर दिखाई है। भगवान शिव की अभय मुद्रा को दिखाया है। उन्होंने सदन को बताया कि किस तरह से दस सालों से डराने की कोशिश हो रही है। उनका इशारा भाजपा नेताओं की ओर था। उनके भाषण का सार यही था। राहुल बस ये कह रहे थे कि जो हिंसा के मार्ग पर चलते हैं, वो हिंदू नहीं हो सकते। भाजपा के नेता और आरएसएस के लोग देश में डर का माहौल पैदा कर रहे हैं। कांग्रेस कभी हिंदू समाज का विरोधी रहा नहीं है। हिंदू मतलब भाजपा नहीं है।

कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में संवाददाताओं से चर्चा में उन्होंने कहा, उन्होंने हिंदू को हिंसक नहीं बताया है। उनके खिलाफ भाजपाई दुष्प्रचार कर रहे हैं। दरअसल, भाजपा और आरएसएस का इतिहास हिंसा और डराने का रहा है। कांग्रेस ने हमेशा सर्व धर्म, अहिंसा और भाईचारा की बात की है। भाजपा और संघ का राष्ट्रवाद भारतीय परम्परा का नहीं है। भाजपा का राष्ट्रवाद मुसोलिनी और हिटलर का राष्ट्रवाद है।

## साव बोले- राहुल के बयान के खिलाफ भाजपा उतरेगी सड़क पर

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा, लगातार तीसरी बार फेल और बार-बार लांच के बावजूद फेल हो चुके राहुल गांधी का नेता प्रतिपक्ष के रूप में पहला ही भाषण झूठ, निराशा और तथ्यहीन बातों से भरा झूठ का पुलिंदा रहा है। इतना ही नहीं, उनका अपने भाषण के दौरान आचरण भी संसदीय



गरिमा के अनुरूप बिलकुल भी नहीं था। उनके बयान के खिलाफ भाजपा रणनीति बनाकर सड़क पर उतरेगी और आंदोलन करेगी।

एकात्म परिसर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री साव ने कहा, लोकसभा में चर्चा राष्ट्रपति के अभिभाषण हो रही थी, लेकिन राहुल गांधी ने उस बाबत औपचारिकतावश भी एक शब्द नहीं बोला।


**IndusInd Bank**

**VEHICLES/MACHINERY AUCTION NOTICE**

Online/ Offline bids are invited for the sale of the following vehicles/machinery, on 'as is where is' basis:

| Sl.No. | Branch | Deal No. | Customer Name | Registraion No. | Model | Yard |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Raigarh | FBE01635C | MR.K TULA RAM | CG13AK3715 | M&M New Scorpio S3 2.5 Mh 2wd 7s BS IV | SAGAR PARKING YARD, RAIGARH |
| 2 | Ambikapur | FBW00921C | MR.S RAM PRAVESH | CG15DM8811 | Honda Wr-V Smt 1.2 I-Vtec | RAKESH KUMAR PARKING, RANCHI |
| 3 | Jagdalpur | FRJ02034C | CHANDRAKANT NISAD | CG19BE7989 | Eco-Sport 1.5 Diesel Titanium | NATIONAL AGRO TECH, JAGDALPUR |
| 4 | Bhilai | FBB00890C | GHANSHYAM JOSHI | CG09JL1805 | MARUTI EECO 5 SEATER AC | DILIP SINGH KANDA PARKING, DURG |

For any queries or inspection of the vehicles, please contact us at: Indusind Bank Ltd, 3rd Floor, Ravi Bhawan, Raipur (C.G.) **Call: 0771-4255804, Last Date : 09th July, 2024.**
The borrowers/co-borrowers/successors/heirs concerned are hereby once again called upon to clear their dues before the above mentioned last date, failing which we shall be constrained to sell the vehicle and recover from them further loss, if any.
**-Authorized Officer**
**Date : 3rd July, 2024, Raipur** www.indusind.com
"Now View, Select and Bid on your favourite Bike/Car online! Register on https://induseasywheels.indusind.com"


# ठाकरे परिसर में फिर से प्रदेश के मंत्री सुनेंगे सप्ताह में पांच दिनों तक समस्याएं

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार के मंत्री एक बार फिर से भाजपा के प्रदेश कार्यालाय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में सप्ताह में पांच दिनों तक बैठकर भाजपा के कार्यकर्ताओं के साथ आम जनों की समस्याएं सुनेंगे। इसका आगाज गुरुवार से होगा। पहले दिन प्रदेश के वाणिज्य और उद्योग मंत्री लखन देवांगन ठाकरे परिसर में रहेंगे।

प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद ठाकरे परिसर में प्रदेश के अलग-अलग मंत्रियों को एक-एक दिन दोपहर को दो बजे से शाम को




पांच बजे तक बैठकर भाजपा के कार्यकर्ताओं के अलावा आमजनों की समस्याएं सुनने की जिम्मेदारी दी गई है। लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लगने से पहले रोज ठाकरे परिसर में मंत्रियों का दरबार लग रहा था। अब आचार संहिता समाप्त होने के बाद फिर से यह सिलसिला प्रारंभ किया जा रहा है। इसके लिए प्रदेश संगठन ने 4 से 9 जुलाई तक मंत्रियों की सूची जारी की है। इसमें 4 जुलाई को लखन लाल देवांगन, 5 जुलाई को दयाल दास बघेल, 8 जुलाई को डिप्टी सीएम अरुण साव और 9 जुलाई को श्याम बिहारी जायसवाल ठाकरे परिसर में उपस्थित रहेंगे। प्रदेश कार्यालय में दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक चौपाल लगेगी।

# कमर्शियल गैस की डिलीवरी के लिए पावती अनिवार्य,कार्ड में करनी होगी एंट्री, नहीं तो माना जाएगा अवैध

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

कमर्शियल गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी रोकने के लिए अब कमर्शियल गैस की डिलीवरी के लिए पावती अनिवार्य कर दिया गया है। बिना पावती कटाए कमर्शिलय उपभोक्ता को गैस की डिलीवरी नहीं होगी। इसके साथ ही उपभोक्ता कार्ड में भी एंट्री करना अनिवार्य किया गया है। इन दोनों के बिना अगर कमर्शियल गैस की डिलीवरी की जाती है, तो इसे अवैध माना जाएगा। कमर्शियल व घरेलू गैस वितरण में एजेंसियां गाइड लाइन का पालन कर रही हैं या नहीं, इसकी जांच के लिए संयुक्त टीम भी गठित की गई है। प्रशासन की ओर से मंगलवार को कलेक्टोरेट स्थित रेडक्रास भवन में पेट्रोलियम कंपनियों बैठक की गई। इसमें गैस एजेंसी के डीलर भी मौजूद थे। अपर कलेक्टर कीर्तिमान राठौर की अध्यक्षता हुई बैठक में जिला खाद्य अधिकारी भूपेंद्र सिंह भी उपस्थित रहे। बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए गए कि जिले के सभी कमर्शियल उपभोक्ताओं के पास उपभोक्ता कार्ड अनिवार्य रूप से होना चाहिए। कमर्शियल गैस की डिलीवरी तभी वैध मानी जाएगी, जब पावती काटी गई हो और उपभोक्ता कार्ड में इसकी एंट्री हुई हो। एंट्री की जिम्मेदारी भी कंपनी और डीलर की होगी। बैठक में अधिकारी ने सभी कंपनियों व एजेंसी डीलरों से पिछले तीन महीने में जो कमर्शियल सिलेंडर वितरित किए गए हैं, इसकी लिखित में जानकारी मांगी है।



विभाग ने गैस एजेंसियों में गाइड लाइन व्यवस्था की जांच के लिए संयुक्त टीम गठित की है। इसमें खाद्य विभाग और पेट्रोलियम कंपनी के अधिकारियों को शामिल किया गया है। कमर्शियल उपभोक्ता की पावती काटी जा रही है या नहीं, कार्ड में एंट्री, 100 किलो से अधिक गैस एक साथ रखने की स्थिति में विस्फोटक लाइसेंस जरूरी है। जिन संस्था व होटल में 100 किलो से अधिक गैस की डिलीवरी होती है, उनके पास विस्फोटक लाइसेंस है या नहीं, डिलीवरी वाहन का नंबर, इंश्योरेंस, वाहन में वजन मशीन है या नहीं, उपभोक्ताओं को बिल पावती दी जा रही है या नहीं सहित अन्य कई बिंदुओं की जांच होगी। जांच के बाद टीम 15 दिन के भीतर प्रशासन को रिपोर्ट सौंपेगी।


**म.प्र. खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड**
**(म.प्र. शासन का उपक्रम)**
**74, अरेरा हिल्स, केन्द्रीय विद्यालय के पास, भोपाल**
**दूरभाष : 9425635915, E-mail : productionkhadi@gmail.com**
**क्रमांक/विपणन-14/268/2024-25/ भोपाल, दिनांक 02.07.2024**

**ई-निविदा विज्ञप्ति**

मध्यप्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा संचालित खादी ग्रामोद्योग एम्पोरियमों के माध्यम से विक्रय हेतु खादी वस्त्रों के प्रोसेस कार्य (धुलाई, रंगाई, प्रिंटिंग, कलेण्डरिंग) एवं सिलाई, कढ़ाई इत्यादि कार्य के लिए प्रतिष्ठित प्रोसेसरों एवं इकाइयों से दरें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक प्रोसेसर एवं सिलाई कार्य करने वाली इकाइयां/फर्म ई-निविदा **https://mptenders.gov.in** पोर्टल पर निविदा संबंधी शर्तें/अनुसार देखकर आवेदन कर सकते हैं। निविदा प्रस्तुत करने की **अंतिम तिथि 24.07.2024** होगी। ई-निविदा दिनांक 26.07.2024 को उपस्थित निविदाकार्ताओं के समक्ष खोली जायेगी।

म.प्र. माध्यम/115179/2024 **प्रबंध संचालक**



**निविदा विज्ञप्ति**

क्रमांक 01/क्रीडा/2024-25 दिनांक 02 जुलाई 2024

अधिकृत विक्रेताओं से क्रीड़ा सामग्री, गणवेश आदि प्रदाय करने हेतु मुहरबन्द निविदाएँ पंजीकृत डॉक से / सीधे आमंत्रित हैं। निविदा प्रपत्र फर्म के मुद्रित लेटर पृष्ठ पर आवेदन प्रस्तुत कर रुपए 500=00 नकद भुगतान कर अम्बिकापुर स्थित कार्यालय से अथवा www.surguja.gov.in से डाउनलोड कर रुपए 500=00 का अधोहस्ताक्षकर्ता के नाम बैंक ड्राफ्ट सहित प्रस्तुत कर प्राप्त किया जा सकता है। 22 जुलाई 2024 समय 3.00 बजे अपरान्ह तक निविदा प्रपत्र प्राप्ति, 23 जुलाई 2024 समय 3.00 बजे अपरान्ह तक निविदा जमा करने तथा 24 जुलाई 2024 समय 1.00 बजे अपरान्ह निविदा खोले जाने की तिथि होगी।

**संभागीय संयुक्त संचालक**
**शिक्षा सरगुजा संभाग, अम्बिकापुर**





**अपनी क्षमता को उजागर करें, भारतीय नौसेना में अपना भविष्य संवारें!**

**पात्रता शर्तें**

भारतीय नौसेना द्वारा अविवाहित पुरुष और अविवाहित महिला उम्मीदवारों (जो भारत सरकार द्वारा निर्धारित पात्रता शर्तों को पूरा करते हैं) से निम्नलिखित अग्निवीर {एमआर(संगीतकार)} - 02/2024 बैच के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:-

| भर्ती | शैक्षणिक योग्यताएं | जन्मतिथि |
|---|---|---|
| अग्निवीर {एमआर (संगीतकार)} | अभ्यार्थी द्वारा मैट्रिक कक्षा भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भी बोर्ड ऑफ स्कूल एजुकेशन द्वारा उत्तीर्ण की हो। | 01 नवम्बर 2003 से 30 अप्रैल 2007 (दोनों तिथियों को मिलाकर) |

संगीत संबंधी योग्यता -
(क) कीबोर्ड पर बजाए गए नोट्स के साथ पिच मिलाकर गाना।
(ख) परीक्षक द्वारा सुनाई गई ताल का ताली बजाकर अनुकरण करें।
(ग) कोई भी प्रसिद्ध गाना सुर में गाएँ।
(घ) अपने संगीत के उपकरण पर एक तैयार टुकड़ा प्रस्तुत करें।
(ङ) भारतीय/ वेस्टर्न शास्त्रीय संगीत संकेतन पढ़े ।
(च) ताल/राग/शैलियों का सैद्धांतिक ज्ञान हो।

LAST DATE OF ONLINE APPLICATION – 11 JULY 2024

- 01 जुलाई से 11 जुलाई 2024 तक वेबसाइट www.joinindiannavy.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन करें।
- पात्रता मानदंड और विवरण के लिए,www.joinindiannavy.gov.in और 29 जून 2024 का रोजगार समाचार देखें।

cbc 10701/13/0007/2425

**JOIN INDIAN NAVY**

# छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन के निर्वाचित पदाधिकारियों ने निकाली विजय और आभार रैली

हरिभूमि न्यूज : रायपुर



छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन के चुनाव में विजयी पदाधिकारियों की मंगलवार को राजधानी रायपुर में विजय एवं आभार रैली निकली। सराफा कारोबार से जुड़े व्यापारियों ने उनका जगह-जगह जोरदार स्वागत किया। कहीं साफा बांधा गया, तो कहीं गजमाला पहनाई गई। कुछ जगहों पर जोरदार आतिशबाजी के साथ स्वागत किया गया। खुशी के माहौल में सराफा व्यापारियों ने रैली के स्वागत में मिठाई वितरण कर मुंह मीठा कराया।

छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन के चुनाव में जीतने वाले एकता पैनल के चुनाव संचालक रहे हरख मालू व पवन सोनी ने बताया, पिछले दिनों बिलासपुर में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शानदार विजय व आभार रैली से स्वागत हुआ था, आज राजधानी के सराफा व्यापारियों को धन्यवाद ज्ञापित करने विजय एवं आभार रैली निकाली गई। रैली कोतवाली चौक से प्रारंभ होकर सदरबाजार, सत्तीबाजार, कमासीपारा, एडवर्ड रोड, हलवाई लाइन होकर महावीर भवन सदरबाजार में संपन्न हुई। जहां पर काफी बड़ी संख्या में उपस्थित सराफा कारोबारियों ने छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष कमल सोनी, महामंत्री प्रकाश गोलछा, कोषाध्यक्ष हर्षवर्धन जैन का सम्मान किया गया। वरिष्ठजन भी पदाधिकारियों को आशीर्वाद प्रदान करने मौजूद रहे। अध्यक्ष कमल सोनी ने फिर दोहराया कि संकल्प पत्र में चुनाव के दौरान जो सराफा व्यापार के हित में काम करने की बात कही गई थी उस पर आज भी प्रतिबद्ध हैं। सामूहिक नेतृत्व के साथ उनका एसोसिएशन काम करेगा और जल्द ही जिला स्तर पर व्यापारियों के बीच उनकी टीम पहुंचेगी। व्यापार के हित में हम सब साथ है। चुनाव में समर्थन व सहयोग देने के लिए उन्होंने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# दालों में महंगाई का उबाल, कोई भी सौ रुपए से कम नहीं, अब चना दाल भी सौ के पार

हरिभूमि न्यूज : रायपुर



महंगाई थमने का नाम नहीं ले रही है। किचन के सामान की लगातार बढ़ती कीमत के कारण आम आदमी के घर का बजट बिगड़ रहा है। हर माह किसी न किसी सामान की कीमत में इजाफा हो रहा है। अरहर दाल तो रिकॉर्ड बना ही चुकी है, अब चना दाल ने भी जमकर भाव खाया है। पहली बार यह चिल्हर में सौ रुपए के पार होकर 110 रुपए पहुंच गई है। आमतौर पर चना दाल सबसे सस्ती रहती है। इसकी कीमत चिल्हर में 55 से 60 और चिल्हर में 65 से 70 रुपए रहती है, लेकिन अब यह दाल भी सस्ती नहीं रह गई है। देशी चना और मटर भी काफी समय से भाव खा रहे हैं। महंगाई का हाल यह है कि पूरे बाजार में एक तरह से सिंडीकेट का कब्जा हो गया है। एक-एक करके सामान की कीमत बढ़ाने का खेल चल रहा है। हालांकि कई सामान की कीमत बढ़ने का सही कारण भी होता है, लेकिन ज्यादातर सामान की कीमत बढ़ने के पीछे मुनाफाखोरी का ही खेल चल रहा है। सबसे ज्यादा मुनाफाखोरी का खेल चिल्हर में चल रहा है। एक ही सामान की कीमत एक ही शहर में अलग-अलग रहती है। किचन का हर सामान महंगा होता जा रहा है। एक सामान की कीमत को एक सीमा पर ले जाकर छोड़ने के बाद दूसरे सामान को पकड़ लिया जाता है। कारोबारियों को किसी सामान में एक छोटा सा कारण नजर आने की देर नहीं कि उस सामान की कीमत को आसमान पर पहुंचाने में सब जुट जाते हैं। चना दाल भी इस साल भाव खा रही है। कुछ समय पहले इसकी कीमत थोक में 70 से 75 और चिल्हर में 85 से 90 रुपए थी, लेकिन अब इसकी कीमत सौ रुपए के पार हो गई है। चिल्हर कारोबारियों के मुताबिक थोक में यह 90 रुपए हो गई है। इधर अरहर दाल की कीमत फिर आसमान पर चली गई है। अरहर दाल थोक में अच्छी क्वालिटी की 170 से 175 रुपए और कुछ कम क्वालिटी की 165 रुपए है। जहां तक चिल्हर का सवाल है तो चिल्हर में अच्छी क्वालिटी वाली दाल कहीं 190 से 200 रुपए में मिल रही है। वहीं थोड़ी कम क्वालिटी वाली दाल चिल्हर में 180 रुपए तक बिक रही है। साल के प्रारंभ में अच्छी क्वालिटी की दाल 140 रुपए में मिल रही थी। अन्य दालों की बात करें तो मूंग दाल चिल्हर में 140 से 150 रुपए और उड़द दाल धुली 160 रुपए किलो है। देशी चना थोक में 70 से 75 और चिल्हर में 90 रुपए किलो बिक रहा है। काबुली चना 180 रुपए किलो हो गया है। मटर थोक में 80 से 85 और चिल्हर में 95 से 100 रुपए किलो बिक रहा है।

# मिल्क प्रोडक्ट जांच के दायरे में उठाए गए पनीर, दही के सैंपल

हरिभूमि न्यूजः रायपुर



डेयरी, होटलों में बिकने वाले दूध से बनाए गए खाद्य पदार्थों को खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने जांच के दायरे में लिया है। रायपुर के साथ बलरामपुर, बलौदाबाजार, सरगुजा, कबीरधाम जिलों की दुकानों में दबिश देकर पनीर, दही सहित अन्य खाद्य पदार्थों के सैंपल उठाए गए हैं। राजधानी की एक दुकान से सैंपल लेकर पचास किलो मलाई नष्ट कराई गई है।

खाद्य एवं औषधि प्रशासन के नियंत्रक द्वारा लोगों को उपलब्ध कराए जाने वाले खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता पर बराबर निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं। इसके तहत मंगलवार को रायपुर समेत कई जिलों में जांच टीम ने कार्रवाई करते हुए सैंपल उठाया है। रायपुर की टीम ने लोधी पारा चौक की रामा डेयरी में बिना किसी हाईजैनिक सुरक्षा के रखी गई पचास किलो मलाई को नष्ट कराया। इसके साथ वहां से खुली दही, पनीर की जांच के लिए नमूने लिए गए हैं। चंगोराभाठा के पांडे डेयरी एवं स्वीट्स तथा गुढ़ियारी के कान्हा डेयरी से पनीर के सैंपल लिए गए हैं। खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम अन्य जिलों में संचालित डेयरी एवं इससे संबंधित खाद्य सामग्री की बिक्री करने वाली दुकानों में पहुंची। संचालकों को साफ-सफाई का ध्यान रखने के साथ खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता का ध्यान भी रखने के लिए निर्देशित किया है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने विभिन्न जिलों से दूध और उससे बने उत्पादों की जांच के लिए नमूने लिए हैं। उसमें पांच नमूने विधिक तथा 9 सर्विलेंस सैंपल के रूप में लिया गया है। इसके साथ बलौदाबाजार तथा भाटापारा में चलित परीक्षण प्रयोगशाला (वैन) की मदद से जांच करते हुए पांच संस्थानों में 14 मिल्क प्रोडक्ट के नमूने लिये और जांच के दौरान अमानक मिलने पर चार खाद्य पदार्थों को नष्ट भी कराया। इन संस्थानों को धारा 55 के तहत नोटिस भी जारी किया गया है।

## सप्लीमेंट फूड की रिपोर्ट नहीं मिली

खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने पांच जिलों की 18 दवा दुकानों में बिकने वाले मल्टीविटामिन, बेबी फूड, प्रोटीन पावडर सहित अन्य सप्लीमेंट फूड के 17 सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा था। 16 दिन बीतने के बाद भी इसकी रिपोर्ट नहीं मिल पाई है।

अधिकारियों का दावा था कि दवा दुकानों में बिकने वाले इस तरह के खाद्य पदार्थों की जांच पहली बार की गई है। इनमें मौजूद पोषक तत्वों की गुणवत्ता का पता लगाने के लिए सैंपल जांच के लिए दूसरे राज्य के लैब भेजा गया है, जिसकी रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

# जुलाई में आ रहे जून के बिल में अब 20 पैसे महंगी बिजली का करंट

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

प्रदेश के 65 लाख बिजली उपभोक्ताओं को इस माह जुलाई का जो बिल आना प्रारंभ हुआ है, उसमें जून से बिजली का नया टैरिफ लागू होने के कारण बिजली की कीमत बढ़ गई है। घरेलू उपभोक्ताओं की बिजली 20 पैसे यूनिट महंगी हुई है। इसी के साथ कृषि और स्टील उद्योग की बिजली 25 पैसे यूनिट महंगी की गई है। कृषि की बिजली अब 5.05 के स्थान पर 5.30 रुपए हो गई है। स्टील उद्योग को लोड फैक्टर में जो 25 फीसदी सस्ती बिजली का लाभ मिल रहा था, वह अब जून से कम होकर 10 प्रतिशत हो गया है। पॉवर कंपनी ने बिजली नियामक आयोग में अपनी जो याचिका लगाई थी, उसमें कंपनी ने 4420 का घाटा अनुमानित बताया था, इसको आयोग ने 2819 करोड़ ही मान्य किया। इसी के साथ राज्य सरकार से मिली हजार करोड़ की मदद को कम करने के बाद घाटा 1819 करोड़ ही बचा। इसको पूरा करने के लिए ही हर वर्ग के उपभोक्ताओं की बिजली को महंगा किया गया है।


## विज्ञापन सूचना

जिला खनिज न्यास निधि जिला बिलासपुर अंतर्गत अस्थायी आधार पर वर्ष 2024-25 में लैब टैक्नीशियन पदों का विज्ञापन जारी किया जा रहा है। रिक्त पदो हेतु इच्छुक पात्र उम्मीदवारों से निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला बिलासपुर छ.ग. के नाम दिनांक 16.07.2024 को सायं 05:00 बजे तक रजिस्टर्ड डाक/ स्पीड पोस्ट के माध्यम से आमंत्रित किया जाता है।

इस हेतु विस्तृत विज्ञापन एवं आवदेन पत्र का प्रारूप कार्यालय सूचना पटल एवं जिला बिलासपुर की वेब साईट www.bilaspur.gov.in पर देखा जा सकता है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
बिलासपुर (छ.ग.)

संवाद- 40666

## कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छत्तीसगढ़)

क्र. 812/निर्माण/2024 **ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना** दिनांक 28.06.2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु (Online) आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | निविदा डालने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्रं. 54 सर्वमंगला मंदिर के समीप स्थित वृद्ध पुरूष एवं महिला वृद्धाश्रम का नवीनीकरण कार्य (भाग-अ) (डीएमएफ मद) (प्रथम निविदा) | 66.04 | 22.07.2024 (T.No. 155526) |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है, साथ ही निगम के वेब साईट www.korbamunicipal.in पर भी देखी जा सकती है।

।। स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें।।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम कोरबा (छत्तीसगढ़)

## छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग कार्यालय कार्यपालन अभियंता, मनियारी जल संसाधन संभाग, मुंगेली, जिला-मुंगेली (छ. ग.)

**संशोधन क्रं - 1**

निविदा सूचना क्रमांक : 01/व.ले.लि./2024-25, दिनांक 18/06/2024 निविदा सिस्टम क्र. 154955 में अपरिहार्य कारणों से निम्नानुसार संशोधन किया जाता है :

| स. क्र. | पूर्व अर्हता दस्तावेज पार्ट-1 (लिफाफा-'बी') पृष्ठ संख्या | पूर्व प्रकाशित | संशोधित |
|---|---|---|---|
| 1. | 09 | i. उपरोक्त से संबंधित किए गए कार्य की मात्रा 4. सीमेंट कांक्रीट लाईनिंग कार्य, पेवर मशीन को छोड़कर-3898.20 घन.मी. | i. उपरोक्त से संबंधित किए गए कार्य की मात्रा 7. सभी प्रकार के कांक्रीट कार्य स्ट्रक्चर सहित लाईनिंग को छोड़कर-2923.65 घन.मी. |

निविदा की अन्य शर्ते यथावत रहेगी।

विज्ञापन .क्र. 242500391

कार्यपालन अभियंता
मनियारी जल संसाधन संभाग मुंगेली
जिला - मुंगेली (छ.ग.)

जी.-242500758/4


# आधी रात भरभराकर गिरा ब्वॉयज हॉस्टल का पूरा प्लास्टर, जागते हुए गुजारी छात्रों ने रात

**रायपुर।** इंदिरा गांधी कृषि विवि में देर रात दर्दनाक घटना होते-होते रह गई। यहां छत की प्लास्टर का बड़ा हिस्सा छात्रों के बिस्तर पर जा गिरा। इत्तेफाक से कोई भी छात्र उस वक्त बिस्तर पर नहीं था, इसलिए किसी तरह का कोई हादसा नहीं हुआ। कृषि विवि के अध्ययनशाला के शिवम बालक छात्रावास में यह हादसा हुआ। कृषि विवि के यूटीडी में 14 हॉस्टल हैं। इनमें से 6 बालिका छात्रावास हैं तथा शेष बालक छात्रावास हैं। विद्यार्थियों का कहना है कि उनके द्वारा पूर्व में भी हॉस्टल की दयनीय स्थिति से प्रबंधन को परिचित कराया जा चुका है, लेकिन विवि प्रबंधन द्वारा किसी तरह की कोई कार्रवाई अब तक नहीं की गई है। छत के किसी एक हिस्से का नहीं, बल्कि लगभग पूरे छत का प्लास्टर का मोटा हिस्सा बिस्तर पर आ गिरा। जब छात्र अपने कक्ष में लौटे तो यहां का नजारा देखकर वे भी सदमे में आ गए। इसके बाद छात्रों ने पूरी रात जागते हुए काटी। कुछ छात्र दूसरे कक्ष में साथियों के पास सोने चले गए।


## Chhattisgarh Swami Vivekanand Technical University, Bhilai

Newai, P.O. - Newai, Bhilai, Distt. Durg (C.G.) - 491107
Phone: 07882200062 Fax: 07882445020
Website: www.csvtu.ac.in,
E-mail: registrar@csvtu.ac.in, admissionutd@csvtu.ac.in

Adv.no 3715/CSVTU/ACAD/2024 Date:-01/07/2024

**Admission in PG and PG Diploma Courses for the Session 2024-25**

Application are invited from the eligible candidates for admission in two years (four semesters) Full Time M.Tech/ M.Plan (PG Courses) in Microelectronics & VLSI, Energy & Environmental Engineering, Biomedical Engineering & Bio-Informatics, Environmental & Water Resources Engineering, Structural Engineering and M.Plan. (Urban Planning), and one year (two semesters) Full Time PG Diploma in Industrial Safety and Fire Safety Management, for the session 2024-25. For complete details and application form, please visit our official website www.csvtu.ac.in. The last date for submission of complete online application form with fee Rs.500/- is 20th July, 2024.

Registrar
CSVTU Bhilai CG

S. 40663

## नगर सेना, अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं तथा SDRF मुख्यालय छत्तीसगढ़ सेक्टर-19, अटल नगर, नवा रायपुर

**/ /भर्ती विज्ञापन / /**

कमांक/772/प्रशि./भर्ती/2024 रायपुर, दिनांक 02/07/2024

छत्तीसगढ़ नगर सेना के स्वयंसेवी पुरूष एवं महिला नगर सैनिकों के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु छ.ग. राज्य के संबंधित जिले के मूल निवासी उम्मीदवारों से विभाग की वेबसाईट https://firenoc.cg.gov.in पर निम्नानुसार तिथिवार ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं :-

ऑनलाईन आवेदन भरने की प्रारंभिक तिथि - 10.07.2024
ऑनलाईन आवेदन भरने की अंतिम तिथि - 10.08.2024
त्रुटि सुधार हेतु - 17.08.2024 तक

01- रिक्त पदों का विवरण :-
(i) - 500 पद स्वयं सेवी नगर सैनिकों के लिए जनरल ड्यूटी हेतु ( इन पदों में महिलाओं के लिए शासन के निर्देशानुसार 30% हॉरिजोन्टल आरक्षण रहेगा )
(ii)- 1715 पद महिला नगर सैनिकों के लिए ( महिलाओं एवं बालिकाओं के सुरक्षा एवं संरक्षण संबंधी समेकित कार्ययोजना के तहत छात्राओं के आवासीय संस्थाओं में नियुक्ति हेतु)

02- उपरोक्त विज्ञापित पदों के लिये किया जाने वाला चयन माननीय उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली के एस.एल.पी. (सी) क्रमांक 19668/2022 के अंतिम आदेश के अध्याधीन होगा।

03 - विस्तृत विज्ञापन तथा भर्ती संबंधी नियमों के विवरण विभागीय वेबसाईट https://firenoc.cg.gov.in पर अवलोकन किए जा सकते हैं। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे अन्य संबंधित जानकारी हेतु समय-समय पर विभाग की उपरोक्त वेबसाईट का अवलोकन करते रहें।

अतिरिक्त महानिदेशक
नगर सेना, अग्निशमन एवं आपातकालीन
सेवाएं तथा एसडीआरएफ (छ.ग.)

जी-242500771/1

## कार्यालय प्रमुख अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर, अटल नगर

**(केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ) ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**
Main Portal: https: // eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| स. क्र. | सिस्टम निविदा क्रमांक/दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रुपये लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 155431 प्रथम आमंत्रण 26.06.2024 | जिला जशपुर के मोराडीह से सालेकेरा मार्ग लंबाई 2.80 कि.मी. का मजबूतीकरण निर्माण कार्य। | 284.77 |
| 2 | 155451 पांचवां आमंत्रण 26.06.2024 | जिला रायपुर के कामर्शियल कोर्ट नवा रायपुर के भवन निर्माण (03 कोर्ट रूम सहित) का निर्माण कार्य, जल प्रदाय, सेनेटरी फिटिंग्स एवं विद्युतीकरण कार्य सहित। संभाग क्रं.- 03 नवा रायपुर। | 728.40 |
| 3 | 155452 प्रथम आमंत्रण 26.06.2024 | जिला बलरामपुर-रामानुजगंज के महराजगंज पंचावल मार्ग लंबाई 1.24 कि.मी. का मजबूतीकरण निर्माण कार्य। | 208.35 |
| 4 | 155464 प्रथम आमंत्रण 27.06.2024 | जिला बेमेतरा के साजा में नवीन व्यवहार न्यायालय भवन का वाटर सप्लाई, सेनेटरी फिटिंग, विद्युतीकरण एवं पहुंच मार्ग सहित निर्माण कार्य। | 730.44 |
| 5 | 155532 पांचवां आमंत्रण 28.06.2024 | जिला सुकमा में 02 नवीन व्यवहार न्यायालय भवन का निर्माण पुलिस बूथ, ब्लॉक मेडिकल, बैक ब्लॉक, मालखाना स्टोर, लॉकअप, कैंटीन पब्लिक ब्लॉक, एडवोकेट ब्लॉक का निर्माण एवं पहुंच मार्ग लंबाई 590 मीटर एवं विद्युतीकरण कार्य सहित। | 656.98 |

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि संक. 01 दिनांक 18.07.2024, सं.क. 02 दिनांक 08.07.2024, सं. क्रं. 05 दिनांक 09.07.2024 निर्धारित है। एवं अन्य शेष निविदाओं के लिए दिनांक 19.07.2024 निर्धारित है। निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते है।

मुख्य अभियंता
केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ
कार्यालय प्रमुख अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर अटल नगर

जी-242500763/5

## कार्यालय कलेक्टर, जिला जांजगीर-चांपा (छत्तीसगढ़)

**लेखन/कम्प्यूटर/विद्युत/विविध सामग्री के क्रय / आपूर्ति हेतु वार्षिक निविदा वित्तीय वर्ष 2024-25**

निविदा क्रमांक/5681/निविदा/नाजिर शाखा/2024 जांजगीर, दिनांक 07/06/2024

**निविदा सूचना**

1. वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु जिला जांजगीर-चांपा में कार्यालयीन उपयोग में आने वाले लेखन सामाग्री, कम्प्यूटर सामाग्री, विद्युत सामाग्री एवं विविध सामाग्री के क्रय/आपूर्ति हेतु इच्छुक निविदाकर्ताओं से मोहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा की विस्तृत शर्तें कार्यालयीन नोटिस बोर्ड या वेबसाईट https://janjgir-champa.gov.in पर देखी जा सकती है।
2. (अ) निविदा प्रपत्र का मूल्य :- 500/- रूपये
(ब) निविदा प्रपत्र क्रय करने का स्थान :- कार्यालय कलेक्टर, नाजिर शाखा, जिला जांजगीर-चांपा
3. **महत्वपूर्ण तिथियां**
(अ) निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि :- 08.07.2024 शाम 05:00 बजे तक
(ब) भरी हुई निविदा जमा करने की अंतिम तिथि :- 09.07.2024 अपरान्ह 03:30 बजे तक
(स) निविदा खोलने की तिथि :- 09.07.2024 शाम 04:00 बजे
(द) निविदा खोलने का स्थान :- सभाकक्ष, कार्यालय कलेक्टर, जिला जांजगीर-चांपा

(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)

संयुक्त कलेक्टर
हेतु/- कलेक्टर जांजगीर-चांपा

जी. 242500772/3


## राशिफल

**मेष** मन में नकारात्मक विचारों का प्रभाव हो सकता है। बातचीत में सन्तुलित रहें। भवन की साज-सज्जा पर खर्च बढ़ेंगे। अचानक धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

**वृष** मीठे खानपान में रुचि बढ़ सकती है। मन परेशान हो सकता है। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन** परिश्रम भी अधिक रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं।

**कर्क** शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**सिंह** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**कन्या** भागदौड़ अधिक रहेगी। आय में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** व्यर्थ के क्रोध से बचें। कारोबार में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** कार्यक्षेत्र में वृद्धि होगी। आय भी बढ़ेगी। सेहत का ध्यान रखें। आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। कारोबार में फायदा होगा।


**धनु** शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। उच्च शिक्षा के लिए विदेश भी जा सकते हैं। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। खर्च बढ़ेंगे। भाइयों का सहयोग मिलेगा।

**मकर** लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति हो सकती है। आय में वृद्धि होगी। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**कुंभ** क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। वाहन की प्राप्ति हो सकती है। यात्रा खर्च

**मीन** परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

## शब्द पहेली - 5560



**बाएँ से दाए-**
1. पदमाकर, कमल सरोवर-5
4. इस्लामी धर्म ग्रंथ-3
6. देवस्थान, मंदिर-2
7. शिव आवास-3
8. उत्तम, सज्जन-2
10. पति, शोहर-3
11. दमकना-4
14. टीस, पीड़ा-3
16. झरने की आवाज-4
17. आशा, इच्छा-2
18. संध्या, शाम-2
19. निराकार, भगवान-4
21. बुझाना, शांति-3
22. अभिप्राय-4
24. आंचल-3
25. घोड़ागाड़ी-2
27. उष्ण-3
28. पिता के पिता-2
29. पंक्ति-3
30. तहजीबदार-5


**ऊपर से नीचे**
1. कथा कहने वाला-5
2. चित, जी-2
3. कार्यशाला, यंत्रालय-4
4. माहिर, दक्ष-3
5. आकाश, गगन-2
7. कारावास-2
9. योग्य-3
12. अनुमान, अंदाज-3
13. झगड़ा, कहासुनी-4
15. मुगल सम्राट जहांगीर का एक नाम-3
16. पक्षियों का शोर-4
17. राहत, विश्राम -3
18. मुसीबत, आफत -3
20. होशियार, चेतावनी-5
21. नगर-3
22. संजीव कुमार व लीना चंदावरकर अभिनीत फिल्म
23. मगरमच्छ-3
24. दर, मूल्य-2
26. भूमि, धरती-2
28. पिता के पिता-2

**शब्द पहेली -5559 का हल**




## सूडोकु नवताल - 5571

★★★★☆ कठिन



- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

**सूडोकु नवताल - 5570 का हल**



## प्रथम पृष्ठ का शेष

### सत्संग में मौत ...

उच्च स्तर पर एक जांच समिति गठित की गयी है और जांच में सब चीजें स्पष्ट हो जाएंगी। इसके पहले एटा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह ने संवाददाताओं से कहा था, एटा अस्पताल में 27 शव लाए गए हैं। मरने वालों में 23 महिलाएं, तीन बच्चे और एक पुरुष शामिल हैं। इस बीच, कुछ प्रत्यक्षदर्शियों ने एटा के एक अस्पताल में 60 से अधिक शव लाए जाने का दावा किया है। पीड़ितों को मृत अवस्था में या बेहोशी की हालत में ट्रकों तथा अन्य वाहनों से सिकंदराराऊ ट्रामा सेंटर लाया गया। शवों को स्वास्थ्य केंद्र के बाहर रखा गया, जहां लोगों की भारी भीड़ एकत्र हो गई। एक वीडियो क्लिप में एक महिला को ट्रक में पांच छह शवों के बीच बुरी तरह रोते हुए दिखाया गया है। एक अन्य तस्वीर में एक वाहन में एक महिला और एक पुरुष अचेत अवस्था में लेटे नजर आए। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भगदड़ की घटना में लोगों की हुई मौत को 'हृदय विदारक' बताया और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले में एक सत्संग समारोह के दौरान भगदड़ मचने की घटना में लोगों की मौत पर दुख जताते हुए पीड़ितों को हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। प्रधानमंत्री ने लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा के जवाब के दौरान कहा, चर्चा के बीच मुझे अभी एक दुखद खबर दी गई है। हाथरस में हुई भगदड़ को लेकर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि यह जानकारी हमें तब मिली जब हम संसद में थे, सवाल यह है कि जब ऐसी घटना हुई तो सरकार क्या कर रही थी? इतने सारे लोगों की जान चली गई है। यह दुखद है कि अगर सरकार को पता था कि किसी कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग जुटेंगे, तो उन्होंने उनकी सुरक्षा के लिए क्या किया? **हेल्पलाइन नंबर**-हाथरस के जिला प्रशासन ने घटना की स्थिति को ध्यान में रखते हुए आम लोगों की मदद के लिए हेल्पलाइन नंबर 05722227041 तथा 05722227042 जारी किए हैं। **जांच के लिए गठित की गई टीम**-यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने संबंधित अधिकारियों को राहत एवं बचाव कार्यों के युद्ध स्तर पर संचालन और घायलों के समुचित उपचार हेतु निर्देश दिए हैं। घटना के कारणों की जांच के लिए एडीजी आगरा और अलीगढ़ कमिश्नर की एक टीम गठित की गई है।

### कौन है साकार...

कि गरीब और वंचित तबके के लोगों के बीच में इनकी लोकप्रियता तेजी से बढ़ी। कुछ समय में लाखों की संख्या में अनुयायियों बन गए। उत्तर प्रदेश के अलावा मध्य प्रदेश और राजस्थान में अनुयायी फैले हैं। बाबा के बारे में कुछ लोग कहते हैं कि ये यूपी पुलिस में दरोगा हुआ करते थे। कुछ इन्हें आईबी से जुड़ा भी बताते हैं। इसीलिए बताया जाता है कि बाबा पुलिस के तौर-तरीकों से परिचित हैं। वर्दी धारी स्वयंसेकों की लंबी-चौड़ी फौज खड़ी करने में यह काफी मददगार साबित हुआ। बाबा आम साधु-संतों की तरह गेरुआ वस्त्र नहीं पहनता। बहुधा वह महंगे गॉगल, सफेद पैंटशर्ट पहनता है। अपने प्रवचनों में बाबा पाखंड का विरोध भी करते हैं। चूंकि बाबा के शिष्यों में बड़ी संख्या में समाज के हाशिए वाले, गरीब, दलित, दबे-कुचले लोग शामिल हैं। उन्हें बाबा का पहनावा और यह रूप बड़ा लुभाता है। भोले बाबा का आश्रम कासगंज जिले के पटियाली तहसील क्षेत्र के बहादुरनगर गांव में मौजूद है। यह उनका पैतृक गांव भी है। भोलेबाबा का बहादुर नगर में बड़ा आश्रम बना है। इस आश्रम में पहले सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार को सत्संग होता था, लेकिन कुछ वर्ष पहले से यह परंपरा टूटी है।

### संसद में बोले...

वहां कांग्रेस का 'स्ट्राइक रेट' सिर्फ 26 प्रतिशत है। लेकिन जहां ये किसी का पल्लू पकड़कर चलते थे, जहां जूनियर सहयोगी थे, जहां किसी अन्य दल ने उन्हें कुछ मौका दे दिया, ऐसे राज्यों में कांग्रेस का 'स्ट्राइक रेट' 50 प्रतिशत है। उन्होंने 'इंडिया' गठबंधन में कांग्रेस के सहयोगी दलों का जिक्र करते हुए कहा कि इस चुनाव में कांग्रेस को मिलीं 99 सीट में से ज्यादातार सीट उनके सहयोगियों ने उन्हें जिताई हैं इसलिए यह परजीवी कांग्रेस है। मोदी ने कहा कि 16 राज्यों में जहां कांग्रेस अकेले लड़ी, वहां उसका वोट प्रतिशत इस चुनाव में गिर गया। उन्होंने द्रमुक, समाजवादी पार्टी और तृणमूल कांग्रेस आदि दलों का नाम लिए बिना कहा, मुझे नहीं पता कि कांग्रेस के साथी दलों ने इस चुनाव के परिणाम का विश्लेषण किया या नहीं। इन साथियों के लिए भी चुनाव में संदेश है। गुजरात, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में जहां कांग्रेस अपने दम पर लड़ी, वहां 64 में से 2 ही सीट जीत पाई। इसका साफ मतलब है कि इस चुनाव में कांग्रेस पूरी तरह परजीवी बन चुकी है और अपने सहयोगी दलों के कंधे पर चढ़कर उन्होंने सीटों का आंकड़ा बढ़ाया है। मोदी ने कहा, अगर कांग्रेस ने अपने सहयोगियों के जो वोट खाए हैं, वो ना खाए होते तो लोकसभा में उनके लिए इतनी सीट भी जीत पाना बहुत मुश्किल था। सदन में राष्ट्रपति अभिभाषण पर लाए गए धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए उन्होंने कहा, मैं कांग्रेस के लोगों को कहूंगा कि जनादेश को फर्जी जीत के जश्न में मत गंवाओ, ईमानदारी से देशवासियों के जनादेश को जरा समझने की कोशिश करो, उसे स्वीकार करो। देश ने विकास के रास्ते को चुना है, विकसित भारत के सपने को साकार करने का मन बना लिया है। उन्होंने मुख्य विपक्षी दल को घेरते हुए कहा कि पार्टी के नेता दक्षिण भारत में उत्तर के खिलाफ बोलते हैं तो उत्तर में जाकर पश्चिम के खिलाफ जहर उगलते हैं, ये महापुरुषों के खिलाफ बोलते हैं और इन्होंने भाषा के आधार पर बांटने की हर कोशिश की है। प्रधानमंत्री ने कहा, ''जिन नेताओं ने देश के हिस्सों को भारत से अलग करने की वकालत की थी, उन्हें चुनाव में टिकट देने का पाप कांग्रेस ने किया है। कांग्रेस पार्टी खुलेआम एक जाति को दूसरी जाति के खिलाफ लड़ने के लिए अफवाह फैला रही है। मोदी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस देश में आर्थिक अराजकता फैलाने की दिशा में सोची समझी चाल चल रही है। उन्होंने कहा, चुनाव के दौरान जो बातें की गईं। वे (कांग्रेस) अपने शासन वाले राज्यों में जिस तरह के कदम उठा रहे हैं, वो आर्थिक अराजकता की तरफ घसीटने वाला रास्ता है। उनके राज्य देश पर आर्थिक बोझ बन जाएं, ये खेल जानबूझकर खेला जा रहा है। मंचों से साफ-साफ घोषणा की गई कि मन का परिणाम नहीं आया तो चार जून को देश में आग लगा दी जाएगी, लोग एकत्रित होंगे, अराजकता फैलाएंगे। इनका यही मकसद है। प्रधानमंत्री के संबोधन शुरू होने से पहले कांग्रेस सदस्यों ने मणिपुर के मुद्दे पर कुछ देर बोलने की अनुमति लोकसभा अध्यक्ष से मांगी जिस पर अध्यक्ष ने कहा कि मणिपुर के सांसद को बोलने का मौका कल दिया जा चुका है। इसके बाद कांग्रेस समेत विपक्षी दलों के सदस्य आसन के समीप आकर 'मणिपुर को न्याय दो' के नारे लगाने लगे। प्रधानमंत्री के पूरे भाषण के दौरान विपक्षी नेता नारेबाजी करते रहे।

### विपक्ष के आचरण...

चल रहा था तो उस दौरान विपक्ष द्वारा संसदीय मार्यादाओं को लगातार तार-तार किया गया। मैं प्रस्ताव करता हूं कि इस कृत्य की पूरा सदन भर्त्सना करता है। गृह मंत्री अमित शाह ने इस प्रस्ताव का अनुमोदन किया, जिसे सदन ने ध्वनिमत से मंजूरी दे दी। विपक्षी सदस्यों ने इस प्रस्ताव का विरोध किया।

### ऑनलाइन सट्टा एप...

